आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 23 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-234 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

आयरन से भरे ट्रक में आग

बालोद,23 नवंबर। आयरन ओर से भरे ट्रक में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया. आग लगने से ट्रक जलकर खाक हो गया. अचानक टायर फटने के बाद आग लगने की बात कही जा रही है. यह घटना डौंडी थाना क्षेत्र के पुलिस बेरियर के पास की है. ट्रक में आग लगने के बाद ड्राइवर ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई. बताया जा रहा कि कच्चे की ओर से ट्रक बालोद की तरफ जा रहा था. तभी अचानक आग लग गई. घटना की सूचना मिलने के बाद डौंडी पुलिस मौके पर पहुंची है. आग बुझाने फायर ब्रिगेड की गाड़ी का इंतजार कर रहे हैं. सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस गाड़ी के समीप किसी को भी नहीं जाने दे रही है. सड़क के दोनों तरफ राहगीरों को पुलिस ने रोक दिया है. भानुप्रतापपुर बालोद राजनांदगांव सड़क मार्ग आधे घंटे से बंद होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

फिर लगाई कार में आग

दुर्ग,23 नवंबर। भिलाई के छावनी क्षेत्र में फिर कार जलाने का मामला सामने आया है. छावनी बस्ती में टाटा मांजा कार में देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया. दो दिन में दो कारों में आग लगने से पुलिस की कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगा है. दुर्ग पुलिस के लिए बढ़ती चोरी, लूट, आगजनी की घटनाएं चुनौती बनी है. आग से कार जलकर खाक हो गई है. घटना की सूचना मिलते ही जामुल थाना पुलिस मौके पर पहुंची है. सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान हो गई है. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है.

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के खिलाफ थाने में शिकायत

नई दिल्ली,23 नवंबर। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मिशेल मार्श के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज की गई है. मार्श के हाथों में बियर और पैर के नीचे वर्ल्ड कप ट्रॉफी रखे जाने से आहत होकर RTI एक्टिविस्ट ने थाने में तहरीर दी है. आरोप है कि मिशेल मार्श ने ट्रॉफी पर पैर रखकर ट्रॉफी और देशवासियों का अपमान किया है.RTI एक्टिविस्ट पंडित केशव देव ने अपनी शिकायत में कहा है कि इंटरनेट पर उन्होंने एक फोटो देखी थी. जिसमें मिशेल वर्ल्ड कप की ट्रॉफी के ऊपर पैर रखे हुए दिखाई दे रहे हैं. इससे देश के 140 करोड़ लोगों के सम्मान को ठेस पहुंची है. भारत के साथ क्रिकेटर मिशेल मार्श के मैच पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई है.

चीन के स्कूलों में तेजी से फैल रही रहस्यमय बीमारी

बीजिंग,23 नवंबर। चीन अभी भी कोरोना वायरस की विनाशकारी प्रभावों से जूझ रहा है. यहां कोविड के केस आ रहे हैं. इस बीच चीन में एक और बीमारी तेजी से फैल रही है. यहां के स्कूलों में रहस्यमयी निमोनिया का प्रकोप बढ़ रहा है. यह चिंताजनक स्थिति कोविड संकट के शुरुआती दिनों की याद दिलाती है. 500 मील उत्तर-पूर्व में बीजिंग और लियाओनिंग के अस्पतालों में बीमार बच्चे भर्ती हो रहे हैं. स्थानीय मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि रहस्यमयी निमोनिया के प्रकोप की वजह से ज्यादातर स्कूल बंद हैं. रहस्यमयी न्यूमोनिया से प्रभावित बच्चों के फेफड़ों में सूजन और तेज़ बुखार समेत असामान्य लक्षण दिखाई देते हैं. हालांकि, उनमें खांसी और फ्लू, आरएसवी और सांस की बीमारी से जुड़े अन्य लक्षणों नहीं दिख रहे हैं. दिसंबर 2019 के आखिर में एक प्रोमेड अलर्ट ने नए वायरस के बारे में शुरुआती चेतावनी दी थी.

समलैंगिक जोड़ों को कानूनी मान्यता का मामला

समीक्षा याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हुआ सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,23 नवंबर। सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को अपने 17 अक्टूबर के फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिका पर 28 नवंबर को विचार करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें समलैंगिक जोड़ों को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया गया था और कहा गया था कि केवल संसद और राज्य विधानसभाएं ही उनके वैवाहिक संबंधों को मान्य कर सकती हैं। वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और सीजेआई से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि समीक्षा याचिका 28 नवंबर को पांच न्यायाधीशों के समक्ष विचार के लिए आए - जो कि अदालत रजिस्ट्री द्वारा सौंपी गई अस्थायी तारीख है।

जब रोहतगी ने अनुरोध किया तो कई अन्य वकील भी उपस्थित थे, जो पहले इस मामले में पेश हुए थे। उन्होंने कहा कि हमने खुली अदालत में सुनवाई की भी मांग की है। इसे अस्थायी रूप से 28 नवंबर को सूचीबद्ध किया गया है। इसे हटाया न जाए। इसके

अलावा, बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक, दोनों ही दृष्टिकोण मानते हैं कि भेदभाव (एलजीबीटीक्यू+ जोड़ों के खिलाफ) है। यदि भेदभाव है तो उसका समाधान भी होना चाहिए। यही कारण है कि हमने खुली अदालत में सुनवाई के लिए दबाव डाला है। जवाब देते हुए, सीजेआई ने कहा कि उन्हें अभी भी समीक्षा याचिकाओं पर विचार करना बाकी है और खुली अदालत में सुनवाई के लिए वकीलों की याचिका पर उचित विचार किया जाएगा। एक समीक्षा याचिका न्यायाधीशों की समान संरचना के समक्ष उनके कक्षों में संचलन के माध्यम से आती है और ज्यादातर खुली अदालत की सुनवाई के बिना तय की जाती है। हालाँकि, यदि न्यायाधीशों को समीक्षा याचिका में कुछ योग्यता मिलती है, तो वे खुली अदालत में सुनवाई और मौखिक बहस की अनुमति दे सकते हैं। समलैंगिक विवाह पीठ के पांच न्यायाधीशों में से, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट 20 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए, जिसका अर्थ है कि सीजेआई को समीक्षा याचिकाओं पर विचार करने के लिए पीठ में एक नया न्यायाधीश जोड़ना होगा। रोस्टर के मास्टर के रूप में, न्यायाधीशों के कक्ष के अंदर समीक्षा याचिका पर विचार करने के लिए एक तारीख तय करना सीजेआई का काम है।

झीरम की जांच करने से उन्हें कौन रोका था: भूपेश

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,23 नवंबर। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के सीटों के दावे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि जब उनकी लोकप्रियता चरम पर थी, तब 52 से 55 सीट से ऊपर नहीं गए, अब कहां से लाएंगे. ऐसा 3 दिसंबर तक अपने कार्यकर्ताओं का ढाढस बंधाए रखने के लिए कह रहे हैं. राजस्थान में सभा और रोड शो के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एयरपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बीजेपी के सरकार गठन के बाद झीरम की जांच होगी वाले बयान पर कहा कि उस समय उन्हें किसने रोका था. धरमलाल कौशिक को कोर्ट किसने भेजा था. अढ़ाया डालने का काम किसने किया था? अब किसी भी प्रकार की बात करने में कोई संकोच नहीं है. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार थी. सीबीआई जांच हो यह विधानसभा में पारित किया था. भारत सरकार से जब आदेश आया, तब उसे दबाकर क्यों रखा था. रमन सिंह पता नहीं किस प्रकार के बयान लिखते और जारी करते हैं, क्योंकि सभी घटनाओं के लिए वही जिम्मेदार हैं. छत्तीसगढ़ की पुलिस जांच करेगी. अब वह बोले या नहीं बोले, जांच होगी. डीए बढ़ाए जाने पर डॉ रमन सिंह के पत्र लिखे जाने पर उन्होंने कहा कि वे आज डीए बढ़ाने के लिए पत्र लिख रहे हैं. रेलवे के लिए पत्र क्यों नहीं लिखते. ट्रेनें रद्द हो रही है, समय पर नहीं चल रही है. रेलवे में नौकरी के लिए भी उन्हें पत्र लिखना चाहिए. वे भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं.

जय शाह में कौन सी योग्यता है अमित शाह बताएं : भूपेश बघेल

रायपुर,23 नवंबर। अमित शाह के सोनिया गांधी अपने बेटे को पीएम बनाना चाहती है वाले बयान पर भूपेश बघेल ने कहा कि वह अपने बेटे के लिए सोच रहे हैं, उनके बेटे में कौन सी योग्यता है? दूसरों के बेटे के बारे में क्यों बोलते हैं. अपने बेटे के बारे में बताओ कि उसमें क्या योग्यता है.

भाजपा विधायक दल की बैठक में संगठन तय करेगा चेहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,23 नवंबर। प्रदेश में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी में किसी भी कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिलेगी, वह मुख्यमंत्री बनेगा. विधायक दल के साथ संगठन तय करेगा कि कौन मुख्यमंत्री बनेगा. नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मीडिया से चर्चा में विधानसभा चुनाव में जीत का दावा करते हुए कहा कि अपने संवैधानिक अधिकार का जनता ने उपयोग किया. प्रदेश की जनता का आशीर्वाद बीजेपी को प्राप्त होगा. स्पष्ट बहुमत के साथ बीजेपी की सरकार बनेगी. सबका सहयोग मिला. खास तौर पर बीजेपी को माता और बहनों का विशेष समर्थन मिला.

उन्होंने कहा कि शराब के कारण अपराध बढ़े, जिसका सीधा असर माता और बहनों पर पड़ा. महिलाओं का रुझान बीजेपी की तरफ देखने मिला. 3 दिसंबर को मतगणना में बीजेपी का कमल खिलेगा. वहीं रमन सिंह सीटों को लेकर किए गए दावे पर सीएम बघेल के बयान पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने चुटकी लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पांच साल से कह रहे थे कि सबूत मेरी कुर्ते की जेब में है. अब शायद कुर्ता का जेब सिलवा लिए होंगे, इसलिए नहीं निकाले. झीरम का आरोपी उनके मंत्रिमंडल में था. मोटरसाइकिल की जांच क्यों नहीं करवाते.

सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश के लिए आवेदन 16 दिसंबर तक

अंबिकापुर,23 नवंबर। सैनिक स्कूल अंबिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 16 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक है। ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट www.nta.ac.in या https://e&ams.nta.ac.in/ AIS-SEE/ पर भरे जा सकेंगे।प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी। सैनिक स्कूल में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की उम्र 31 मार्च 2024 को 10 से 12 वर्ष और कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की उम्र 13 से 15 वर्ष होनी चाहिए। सीट खाली रहने की स्थिति में छात्राओं के लिए कक्षा 6वीं और कक्षा 9वीं में प्रवेश ओपन रखा गया है।

सुरंग में फंसे 41 मजदूर आज आ सकते हैं बाहर

नैनीताल,23 नवंबर। उत्तरकाशी सुरंग में बचाव अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है, जल्द ही फंसे हुए 41 श्रमिकों तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं। एम्बुलेंस फिलहाल सुरंग के बाहर इंतजार कर रही हैं और दिल्ली से सात विशेषज्ञों की एक टीम ऑपरेशन में तेजी लाने में मदद के लिए साइट पर पहुंच गई है। उत्तरकाशी सुरंग में बचाव अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है, जल्द ही फंसे हुए 41 श्रमिकों तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं। एम्बुलेंस फिलहाल सुरंग के बाहर इंतजार कर रही हैं और दिल्ली से सात विशेषज्ञों की एक टीम ऑपरेशन में तेजी लाने में मदद के लिए साइट पर पहुंच गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने बताया कि बुधवार रात बचाव कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाली स्टील संरचनाओं को अब साफ कर दिया गया है और वेल्डिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। फंसे हुए मजदूरों तक पहुंचने के लिए बचाव दल को अब 12 मीटर और ड्रिलिंग करनी होगी। हालांकि, अमेरिकी ऑगुर ड्रिलिंग मशीन ने अभी तक काम करना शुरू नहीं किया है।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में अमेरिकी 'ऑगर' मशीन से ड्रिलिंग के दौरान सामने आए लोहे के सरिये को हटा दिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव कार्य की निगरानी कर रहे प्रधानमंत्री कार्यालय के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने कहा, ''लोहे के सरिये के कारण उत्पन्न समस्या को दूर कर

लिया गया है। गैस कटर का इस्तेमाल कर सरिये को काट दिया गया है।'' खुल्बे ने कहा, ''सुरंग में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के अभियान में शामिल बचावकर्मियों को ड्रिलिंग पूरी करने और श्रमिकों तक पहुंचने में 12 से 14 घंटे और लगेंगे।'' बुधवार देर रात बाधा आने के बाद 800 मिलीमीटर व्यास वाले स्टील पाइप की ड्रिलिंग को कुछ घंटों के लिए रोकना पड़ा। अधिकारियों ने कहा कि बाधा दूर होने के साथ ही पाइप को आगे धकेलने की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है।

बाइसन की संदिग्ध मौत

बिलासपुर,23 नवंबर। अचानकमार टाइगर रिजर्व एरिया से लगे वन विकास निगम क्षेत्र के जंगल में एक बाइसन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि शिकारियों के लगाए गए बिजली तार के करंट से बाइसन की मौत हुई है। यह भी कहा जा रहा है कि वन विकास निगम के अफसरों ने मामले को दबाने के लिए विशेषज्ञों के बगैर ही बाइसन के शव का पोस्टमॉर्टम करा दिया। घटना एक सप्ताह पहले की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनाव के मतदान से पहले एटीआर से लगे वन विकास निगम के कोटा परिक्षेत्र के शिवतराई क्षेत्र के सरहिया बीट के कक्ष क्रमांक पी 173 के जंगल में एक बाइसन की लाश पड़ी थी। बाइसन की उम्र 7-8 साल के बीच बताई जा रही है। बाइसन का शव मिलने की सूचना वन विकास निगम के अफसरों को दी गई। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने जांच के बगैर ही पशु चिकित्सकों की टीम बुलाकर उसके शव का पोस्टमॉर्टम करा दिया। इस पूरे मामले को अफसरों ने दबा दिया। बाइसन की मौत की जानकारी लेने के लिए दैनिक भास्कर ने वन विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार पांडेय से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। हैरानी की बात यह है कि अब मामला सामने आने के बाद वन विकास निगम के अफसर बाइसन की मौत की वजह उसकी शारीरिक परेशानी को बता रहे हैं। जबकि, आसपास के लोगों का कहना है कि बाइसन की मौत करंट की चपेट में आने से हुई है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर बिजली का तार भी गुजरा है। जहां शिकारियों के बिजली तार से करंट लगाने की आशंका जताई जा रही है। यह भी कहा जा रहा है कि घटनास्थल के पास एक पालतू सुअर की भी मौत हुई है। हालांकि, अफसरों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। बताया जा रहा है कि चुनावी माहौल के बीच जंगल में बाइसन की मौत के इस मामले को अफसरों ने दबाने का प्रयास किया। यही वजह है कि वन्यप्राणियों की मौत पर मीडिया रिपोर्ट जारी करने वाले विभाग के अफसरों ने भी बाइसन की मौत को सार्वजनिक नहीं किया। जब घटना सामने आई, तब अफसर इसे सामान्य बताकर दबाने की कोशिश करते रहे। अफसरों का दावा है कि विशेषज्ञों की टीम की मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है।

राजस्थान रेप के मामलों में नंबर वन :नड्डा

नई दिल्ली,23 नवंबर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक विशेष साक्षात्कार में भारतीय राजनीति और विधान सभा चुनावों पर चर्चा की। नड्डा ने आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा को तीन चौथाई बहुमत हासिल करने का विश्वास जताया है। । उन्होंने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए पार्टी की रणनीतियां की रूपरेखा पर भी चर्चा की। नड्डा ने तेलंगाना में भी भाजपा की संभावनाओं को मजबूत बताया और सभी राज्यों में सरकार बनाने का संकल्प जताया। नड्डा ने अपने सांसदों को चुनावी मैदान में उतारने की रणनीति पर कहा कि इस फैसले से विपक्ष में खलबली मची हुई है। इसका मतलब है कि हम सही हैं। इसलिए उनको तकलीफ हो रही है। इसलिए वो हमारे बारे में बात कर रहे हैं। नड्डा ने कांग्रेस और गहलोत सरकार समेत गांधी परिवार पर भी जमकर हमला बोला। नड्डा ने राहुल गांधी की ओर से उठाए जा रहे ओबीसी के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि राजीव गांधी ने ओबीसी आरक्षण का विरोध किया था। उन्होंने कहा जिस मंडल कमीशन को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने ठंडे बस्ते में डाल दिया था। वो आजकल ओबीसी की बात करने लगे हैं। यह वैसा ही है कि वो आजकल राम की बात करने लगे हैं और अब ओबीसी की बात करने लगे हैं। वे फैशन के अनुसार चलते हैं।

उन्होंने राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार को घेरते हुए कहा कि राजस्थान आज रेप के मामलों में नंबर वन है। भ्रष्टाचार में एक नंबर पर है। नड्डा ने गहलोत सरकार पर तुष्टिकरण का भी आरोप लगाया। उन्होंने बीजेपी के घोषणा-पत्र को विकास का रोडमैप बताया।नड्डा ने ईडी की जांच की टाइमिंग के सवाल पर कहा कि इलेक्शन कमीशन और ईडी वहां एक्टिव होती है जहां पैसे का लेन-देन होता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की चर्चा करते हुए कहा कि महादेव ऐप का स्कैंडल कैसे पकड़ में आया। एक आदमी सर्विलांस पर था। उसे कहा गया था कि भूपेश बघेल को इतने करोड़ देकर आओ। जब वह पकड़ा गया तो ईडी एक्शन लेगा ही। राम मंदिर के सवाल पर जवाब देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपना वायदा पूरा किया है। जहां रामलला का जन्म हुआ था उस राम जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। विपक्ष राम मंदिर की स्थापना दिवस को चुनाव के नजरिए से देख रही है परंतु ऐसा नहीं है। न्यूज 18 इंडिया के साथ एक साक्षात्कार में नड्डा ने परिवारवाद पर भी जमकर कटाक्ष किया तथा देशभर की अलग-अलग परिवारवाद से प्रेरित विपक्षी पार्टियों को सूचीबद्ध किया। चुनाव के दौरान पार्टी प्रतिनिधियों पर बात करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक स्तर पर नंबर वन राजनेता है। यदि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे का इस्तेमाल करती है तो यह भाजपा के लिए सौभाग्य की बात है। जेपी नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा विकास और जन कल्याण पर आधारित शासन के लिए प्रतिबद्ध है और जब भी वे सत्ता में होते हैं तो भ्रष्टाचार की जमकर आलोचना करते हैं।

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन खटाई में, 38वां राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में होगा

jasclaudius@gmail.com

राज्य में खेल के भविष्य को अंधकारमय बनाने कौन जिम्मेदार ?

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेल प्रेतियोगिता का आयोजन किसी भी राष्ट्र, राज्य,देश महाद्वीप के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न हुआ करता है। खेल जगत में चारों तरफ खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेल स्पर्धाओं में पदक प्राप्त करने की होड़ लगी हुई है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी प्रतिभागी द्वारा पदक हासिल करने से सिर्फ उसी का नाम ही नहीं बल्कि उनके देश, निवास, स्थान,प्रेक्टिस करने वाले खेल परिसर,प्रशिक्षक,अभिभावक,फिजियोथेरेपिस्ट, आहारविशेषज्ञ, सहयोगी सदस्य आदि का भी नाम लोकप्रिय हो जाता। इसी तरह आयोजन स्थल की पूरी तस्वीर बदल जाती है। टूर्नामेंट के लिए निर्धारित खेलों की आधुनिक खेल सामग्री,नये खेल एरिना, नये स्टेडियम, खेलकूद से संबंधित नये खेल अधोसंरचना का निर्माण होता है। हम कह सकते हैं कि किसी एक संपूर्ण बहुखेल चैंपियनशिप के आयोजन से उस क्षेत्र एवं उसके आसपास के इलाके में आमूलचूल परिवर्तन हो जाता है। साथ ही साथ भ्रमण प्रेमियों को नये पर्यटन स्थल की जानकारी होती है। इससे उस अंचल में व्यापार-व्यवसाय तथा परिवहन के नये आयाम स्थापित होते हैं। एक अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय खेलकूद स्पर्धा के आयोजन से समाज को कितना लाभ मिलता है। इसका वास्तविक आंकलन कर लिया जाए तो हमें यह जानकार बहुत अफसोस होगा कि छत्तीसगढ़ में 2013 के लिए लगभग निश्चित हो चुके 37वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 2023 तक नहीं हुआ। इससे कितनी बड़ी हानि छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ियों,नागरिकों ने उठाया उसका अनुमान लगा पाना कठिन है। 2011झारखंड,2015 में तिरुअनंतपुरम में संपन्न राष्ट्रीय खेलों के पश्चात गोवा में 36वें खेलों का आयोजन होना था परंतु 2022 में गुजरात में फिर आखिरकार 2023 में 37 वें राष्ट्रीय खेल गोवा में संपन्न हुए।

गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के समापन समारोह के दिन परंपरा अनुसार 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन करने वाले राज्य को ध्वज को सौंपा जाता है। इस बार यह जिम्मेदारी उत्तराखंड को दी गई है। अंत: अब 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में होंगे। जिसका मतलब यह हुआ कि वर्ष 2000 में निर्माण किए गये तीन राज्य झारखंड, उत्तराखंड तथा छत्तीसगढ़ में से सिर्फ छत्तीसगढ़ ही राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी से वंचित रह गया है। इसके लिए आखिर कौन जिम्मेदार है? भारतीय ओलंपिक संघ नई दिल्ली के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होता है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य ओलंपिक संघ और छत्तीसगढ़ की सरकार की मिली जुली कोशिश जरूरी है। 2020 से छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष भूपेश बघेल हैं। जबकि सरकार के राजनैतिक मुखिया भी वे ही हैं। स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ के ओलंपिक संघ के पदाधिकारी और छत्तीसगढ़ शासन के खेल विभाग के पदाधिकारी दोनों ही अपने अगुवे के साथ समान रूप से दोषी है। पिछले पांच वर्षों में हमारे प्रदेश के खेल मंत्रालय और खेल संचालनालय के अधिकारी तथा राज्य ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल का अभाव है। जो कि अब जग जाहिर हो गया है। शासन व ओलंपिक संघ के बीच सामंजस्य की कमी ने छत्तीसगढ़ के खेल भविष्य को अंधकारमय कर दिया है। इसका सीधा प्रभाव प्रदेश के प्रत्येक खेल के प्रतिभाशाली उदयीमान बालक-बालिका, महिला-पुरुष खिलाड़ियों पर पड़ा है। सोचने योग्य बात यह भी है कि संसाधन,सुविधा के अभाव में हमारे खिलाड़ी गोवा 2023 के राष्ट्रीय खेलों में 25 पदक जीतने में कामयाब हुए हैं। जिसके लिए वे,उनके प्रशिक्षक,अभिभावक तथा सहयोगीगण हार्दिक बधाई के पात्र हैं। सोचनीय तथ्य यही है कि अन्य पदक से चूके खिलाड़ियों को थोड़ी और सुविधा मिल जाती तो छत्तीसगढ़ का नाम भारत के खेल परिदृश्य में शान के साथ दिखाई दे सकता था।

नीदरलैंड का पीएम बनने जा रहे हैं इस्लाम विरोधी ग्रीट विल्डर्स

नई दिल्ली,23 नवंबर। नीदरलैंड के चुनावों ने यूरोप और दुनिया को चौंका दिया है। डच मतदाताओं ने धुर दक्षिणपंथी आइकन, गीर्ट वाइल्डर्स की पार्टी को अपना समर्थन दिया है, जिससे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से डच राजनीति में सबसे बड़ी राजनीतिक उथल-पुथल मची है, और इससे यूरोप में सदमे की लहर फैलनी तय है। परिणाम ने उन्हें एक नए सत्तारूढ़ गठबंधन बनाने के लिए बातचीत का नेतृत्व करने की कतार में खड़ा कर दिया है और संभवतः महाद्वीप के अधिकांश हिस्सों में राजनीतिक उथल-पुथल के समय देश के पहले कट्टर-दक्षिणपंथी प्रधान मंत्री बन गए हैं। राष्ट्रीय प्रसारक एनओएस द्वारा प्रकाशित एक एग्जिट पोल में कहा गया है कि वाइल्डर्स पार्टी फॉर फ्रीडम ने संसद के 150 सीटों वाले निचले सदन में 35 सीटें जीतीं, जो पिछले चुनाव में जीती गई 17 सीटों से दोगुनी से भी अधिक है। जीत पर प्रसन्न वाइल्डर्स ने कहा, जिसे अंतिम रूप दिया जाएगा, मुझे अपनी बांह पर चुटकी काटनी पड़ी।÷ वाइल्डर्स के चुनाव कार्यक्रम में नीदरलैंड के यूरोपीय संघ छोड़ने पर जनमत संग्रह का आह्वान, शरण चाहने वालों को स्वीकार करने पर पूर्ण रोक और डच सीमाओं पर प्रवासियों को धक्का देना शामिल है। यह नीदरलैंड के डी-इस्लामीकरण की भी वकालत करता है, हालांकि इस चुनाव अभियान के दौरान वह पहले की तुलना में इस्लाम के बारे में नरम रहे हैं। 1988 से राजनीति में, वाइल्डर्स, जिन्होंने नीदरलैंड की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी - पार्टी फॉर फ्रीडम की स्थापना की - को अक्सर उनके शानदार प्लैटिनम सुनहरे बालों और उनकी तेजतर्रार बयानबाजी के कारण डच ट्रम्प के रूप में जाना जाता है।

एक नजर

सूने मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवरात चोरी

भिलाई, 23 नवंबर। जामुल थाना क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर साढ़े तीन घंटे के भीतर अज्ञात चोर ने लाखों के जेवरात चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि दुर्गा मंदिर वार्ड-4, आईटी कॉलेज के पास एसीसी जामुल निवासी नागेंद्र सिंह 20 नवंबर की सुबह 5 बजे अपने पूरे परिवार के साथ छठ पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होने हाउसिंग बोर्ड सूर्य कुण्ड तालाब गये थे पूजा खत्म होने के बाद साढ़े 8 बजे घर लौटे तो सामने गेट व दरवाजे का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो अलग अलग कमरे में रखी दोनों अलमारी ताला टूटा हुआ था और सारे जेवरात गायब थे अज्ञात चोर ने सोने की लेडिस चेन, कान की बाली व झुमका, 2 चांदी की पायल, 20 चांदी का सिक्का, सोने की अंगूठी, 5 नग चांदी की बिछिया, नाक की फुल्ली, सोने की जेंटस चेन, दो जेंट्स सोने की अंगूठी, 5 जोड़ी बिछिया चांदी की, 2 पायल चांदी की, दो कान का झुमका सोने का और नगद लगभग एक हजार रुपये समेट कर फरार हो गया।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

भिलाई, 23 नवम्बर। नेवई थाना क्षेत्र दुर्ग उतई रोड पर एम पॉकेट के सामने रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार ठोकर मार दी। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो भी पलट गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल सवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई स्कार्पियो चालक को भी चोटें आई हैं पुलिस ने बताया कि रात 10 बजे के मध्य निजी सुरक्षा गार्ड रुआबांधा निवासी चंदन कुमार (49 वर्ष) अपनी बाइक से दुर्ग उतई मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने जोरदार ठोकर मार दी इस दुर्घटना में चंदन कुमार के सिर पर गंभीर चोटें आई थी, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो भी पलट गई थी चालक को भी चोटें आई हैं नेवई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया है।

निगमायुक्त ने किया कार्यालय का औचक निरीक्षण,36 अधिकारी,कर्मचारी नहीं मिले

दुर्ग, 22 नवंबर। नगर पालिक निगम विधानसभा निर्वाचन का मतदान संपन्न होने के बाद नगर निगम में जनहित के कार्यो को गति पर लाने के लिए आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने ऑफिस खुलते ही उपस्थित पंजी का निरीक्षण किया,उन्होंने उपस्थित अधिकारियों के साथ निगम मुख्यालय के सभी विभागों का निरीक्षण कर विभाग प्रमुख एवं कर्मचारियो की उपास्थिति की जांच की।वही जांच के दौरान 36 अधिकारी,कर्मचारी व प्लेसमेंट के कर्मचारी विभाग में अनुपस्थित पाये गए। सभी अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारियो को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा अधिकारी/कर्मचारी अपने कार्य पर मुस्तैद रहकर जनहित के कार्यो को गति प्रदान करें।उन्होंने निर्देश में कहा समय-समय पर सभी विभागों की कार्यालयीन समय 10 बजे उपास्थिति की जांच की जावेगी।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मोहेंद्र साहू,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, निज सहायक आयुक्त शुभम गोइर मौजूद रहें।

भिलाई में होगा राज्य स्तरीय,नेशनल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन

भिलाई। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा तीसरी राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग चैम्पियनशिप 2023-24 के आयोजन 9 दिसंबर से 10 दिसंबर तक भिलाई में किया जा रहा है। राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग चैम्पियनशिप में सीनियर (पुरुष एवं महिला) -23 (पुरुष) जूनियर (बालक एवं बालिका), सबजूनियर (बालक एवं बालिका) तथा यूथ (बालक एवं बालिका) के मुकाबले खेले जाएंगे। उक्त प्रतियोगिता के आधार पर नेशनल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के महासचिव वीआर चत्रावार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 25 नवंबर 2023 है। प्रत्येक खिलाड़ी को पंजीयन फॉर्म के साथ राइडर लाइसेंस फीस ऋ्र.300/- जमा करना होगा। पंजीयन एवं प्रवेश शुल्क, निःशुल्क है। पंजीकृत खिलाड़ियों को प्रतियोगिता वाले दिन 9 दिसंबर को सुबह 5ः30 बजे के पहले स्टेशन मरौदा रोड (छत्तीसगढ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के सामने) उपस्थित होना है। प्रतियोगिता का आरंभ सुबह 6 बजे से होगा। ऑनलाईन एंट्री के लिए 28 लिंक में क्लिक करें एवं राइडर लाइसेंस फीस लिंक के अन्दर दिये गये त्तक्र ष्ठद्बष्ठश्च के माध्यम से जमा कर सकते हैं। महासचिव चत्रावर ने बताया कि प्रतियोगिता के बाद चयनित खिलाड़ी 28 दिसंबर 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक विजयापुर (कर्नाटका) में आयोजित होने वाली 28वीं सीनियर (पुरूष एवं महिला) -23 (पुरुष) जूनियर (बालक एवं बालिका) सबजूनियर (बालक एवं बालिका) तथा यूथ (बालक एवं बालिका) राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता 2023-24 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता से संबंधित अन्य जानकारी के लिए वीआर चत्रावार महासचिव साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ (मोबाइल नंबर 9993682810) तथा प्रिंस कुमार सिंह मोबाइल नंबर (84489 14657) से संपर्क कर सकते हैं।

सड़क सुरक्षा को लेकर दूसरे दिन भी बीएसपी ने हटाई अवैध दुकानें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 23 नवंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवांए विभाग, इंफोर्समेंट विभाग द्वारा, ट्रैफिक पुलिस व पुलिस विभाग के साथ मिलकर सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु, सड़क के किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमटी, खोमचे, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध, सेंट्रल एवेन्यू में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दूसरे दिन 22 नवम्बर 2023 को भी कई अवैध दुकानों को हटाया गया। उन्हें समझाइश देकर छोड़ा गया है कि आगे से वे यहाँ दुकानें नहीं लगाएंगे और आधा दर्जन कुल्फी ठेलों का पंचनामा बनाकर जप्ती किया गया। इन ठेलों की वजह से सडको मे खरीदी हेतु भीड़ लगती है, जिसकी वजह से यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनायें हो जाने का खतरा बना रहता है। नगर सेवांए विभाग द्वारा ठेले खोमचो के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवारा मवेशी पकड़ने का अभियान भी निरंतर जारी है। इस वित्त वर्ष में टाउनशिप व संयंत्र के भीतर से लगभग 700 आवारा मवेशी पकड़ कर, भिलाई नगर पालिक निगम द्वारा संचालित, कोसा नाला गौठान में सौंपा गया है। प्रति सप्ताह इसकी रिपोर्ट सम्बंधित विभाग को प्रेषित की जाती है। विभाग द्वारा अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। यह अभियान भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग व इंफोर्समेंट विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठेले खोमचे व आवारा मवेशियों को हटाने का कार्य, संयंत्र द्वारा समय ङ्कसमय पर किया जाता रहा है। इसी अभियान के तहत संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के मार्गदर्शन में विगत 2 दिनों से यह कार्य किया जा रहा है। इस्पात नगरी के सभी नागरिकों, ठेले खोमचे व व्यवसाय करने वालों से अपील की जाती है, कि सड़कों व सड़कों के किनारे आवश्यक भीड़ ना लगाएं व अनुशाशन बनायें रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस ने कसा शिकंजा, 4 किलो गांजा जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 23 नवंबर। सुपेला थाना क्षेत्र नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। ओडिशा से गांजा लाकर भिलाई में सप्लाई करने से पहले ही सुपेला पुलिस ने जाल बिछाकर संजय नगर मैदान के पास दबोच लिया आरोपी के पास से काले रंग की पिट्ठू बैग में तलाशी लेने पर कुल 4 कि.ग्राम गांजा जब्त किया है जब्त गांजे की कीमत 38 हजार रुपए आंकी गई है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन नशे के कारोबारियों पर निगाह रखी जा रही थी इसी दौरान पुलिस टीम को पता चला कि संजय नगर मैदान के पास एक व्यक्ति काले रंग की पिट्ठू बैग में गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा पूछताछ में अपना नाम विनोद मेहर (32 वर्ष) निवासी ग्राम सिनापाली नुआपाड़ा ओडिसा बताया आरोपी के कब्जे से 04 किलोग्राम गांजा जुमला करीब कीमती 38 हजार रुपए को बरामद कर आरोपी को हिरासत में लिया गया।

वाहन चेकिंग अभियान में दर्जनों वाहन जब्त

भिलाई, 23 नवंबर। जिले के सभी थानों की पुलिस ने बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों वाहन जब्त किया गया। इसके साथ कई वाहनों से जुर्माना भी वसूला गया। वहीं पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच रहा दुर्ग एसएसपी रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर भिलाई-दुर्ग के सभी थाना क्षेत्रों में देर शाम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान गदा चौक, पोट्टी रामलू चौक, मुर्गा चौक, बीएसएनएल चौक सहित अन्य जगहों पर गुजर रही अधिकांश दोपहिया वाहनों की जांच की। इस दौरान डिक्की के साथ-साथ कागजात की भी जांच की जा रही थी बिना कागजात के वाहनों को जब्त किया गया पुलिस ने कई बाइक जब्त किया शहर एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि जांच के क्रम में वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, वाहन की गति में नियंत्रण रखने, वाहन के सभी कागजात को दुरुस्त रखने का निर्देश देते हुए लोगों से जुर्माना भी वसूला साथ ही बाइक पर तीन सवारों पर पुलिस की विशेष नजर रही।

भवन की वास्तविक स्थिति का संपत्ति कर जमा कर पाएं 2 प्रतिशत छूट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 23 नवंबर। निगम भिलाई क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक एवं अन्य भवनों की जांच की जा रही है। भवन मालिक द्वारा भरे गये स्व विवरणी एवं जांच में मौके पर अंतर पाये जाते है तो संपत्ति कर की राशि पर दण्ड स्वरूप 5 गुना शास्ति राशि की वसूली की जायेगी। निगम क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक एवं अन्य भवनों से राजस्व वसूली हेतु एजेंसी को अधिकृत किया जा रहा है, एजेंसी द्वारा संपत्ति कर, यूजर चार्ज, जल कर, भू-भाटक, दुकान किराया वसूली का कार्य राजस्व वसूली ठेका प्राप्त एजेंसी श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। एजेंसी के प्रतिनिधि भवनों में पहुंचकर जांच कर रहे है। ताकि भवन मालिक द्वारा प्रस्तुत स्व विवरणी के साथ मिलान कर वास्तविक संपत्ति कर की गणना हो सके। भिलाई निगम क्षेत्र के सभी भवनों का जांच किया जा रहा है जिसकी शुरुआती जांच में भवनो एवं उसके भरे गये स्व विवरणी में भिन्नता पाई जा रही है। ऐसे प्रकरणों में भवन मालिक के ऊपर संपत्ति कर की राशि पर 5 गुना शास्ति राशि दण्ड स्वरूप देय होगा। भवन मालिक अंतर की राशि को निगम कोष में जमा कर अर्थदण्ड से बच सकते है। आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र के भवन एवं भूमि मालिको से अपील किये है कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के देय संपत्तिकर राशि का एकमुस्त भुगतान कर 30 नवम्बर तक 2 प्रतिशत छूट का लाभ अवश्य उठाये।

आयुक्त ने कहा-नया बस स्टैंड में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों का चालान काटा जाए

दुर्ग, 23 नवंबर। नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने सोमवार अल सुबह नया बस स्टैंड पहुँचे। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश भी दिए।निरीक्षण के मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली सहित स्वास्थ्य विभाग अमला मौजूद रहे। आयुक्त ने बतलाया कि शहर को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर पालिक निगम विशेष कदम उठा रही है। जिसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है जिससे शहर की स्वच्छ छवि बने और सुंदर स्वच्छ दिखे। उन्होंने इस दौरान नया बस स्टैंड की सफाई देखी और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण करते हुए सडक किनारे, नाली के ऊपर सहित अन्य स्थानों पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालो को हटाने का अभियान चलाने को कहा गया। गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों की चालान

काटने के निर्देश भी दिये।सफाई दरोगा राजू सिंह ने नया बस स्टैंड के 6 दुकानदारों द्वारा दुकान के सामने गंदगी फैलाने पर 2700 रुपये जुर्माना लिया गया।आयुक्त ने कहा कि छोटे-छोटे फुटकर विक्रेता जो कि सडक़ के किनारे सुबह एवं शाम को पृथक-पृथक व्यवसाय करते हैं।इन्हें कचरा फैलने से रोकने के लिए उचित उपाय अपनाना जरूरी है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में हालांकि निगम हर घर पहुंच रहा है परंतु ठेला, गुमटी व्यवसायी को अपने आसपास स्वच्छता बरकरार रखना होगा। कचरा को एक डस्टबिन में रखने के बाद स्वच्छता कर्मचारी को कचरा देने से कचरा इधर- उधर फैलने का खतरा कम हो जाता है, वही कचरा सीधे डस्टबिन से एसएलआरएम सेंटर में पहुंच जाता है जिसके माध्यम से इसका पृथक्कीकरण किया जाता है जिससेगीले कचरे से खाद का निर्माण किया जाता है।दुर्ग निगम इसके लिए सतत प्रयासरत है परंतु आम नागरिकों की सहभागिता इसमें नितांत आवश्यक है जिसके चलते ही कचरा को पूर्णरूपेण शहर से हटाया जा सकता है।निगम ने कचरा फैलाने वालों के ऊपर जुर्माना की कार्यवाही जारी रखी है। शहर में किसी को भी कचराफेंकते पाए जाने पर तथा गंदगी फैलाने पर जुर्माना लगाया जा रहा है। नाली के समीप मलबा रखने वालों को भी हिदायत दी जा रही है, प्रायः यह देखा जाता है कि नाली के समीप मलबा होने से मलबा नाली में चला जाता है और नाली जाम हो जाती है तथा स्वच्छता कर्मचारियों को सफाई में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने निर्माण एवं विध्वंस के मटेरियल को हटवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने मटेरियल रखने वालों को चेतावनी के साथ ही जुर्माना भी लगाने कर निर्देश दिए है।

महिला को शराब पिलाकर कर दी हत्या,दो गिरफ्तार

बलरामपुर, 23 नवंबर । बलरामपुर. जिले से एक बेहद चौकाने वाला मामला सामने आया है. जहां 2 आरोपियों ने महिला को शराब पिलाकर मौत के घाट उतार दिया. हालांकि, पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिर तार कर लिया है. आरोपियों ने वारदात को 10 पहले अंजाम दिया था.बता दें कि, पूरा मामला बसंतपुर थाना क्षेत्र के फूलीडूमर केरवापारा गांव का है. यहां टोनही के शक में 2 युवकों ने महिला को मौत के घाट उतार दिया. वारदात को अंजाम देने से पहले महिला को खूब शराब पिलाई, उसके बाद खूनीकांड को अंजाम दिया. पकड़े जाने से बचने के लिए दोनों ने शव को फांसी पर लटका दिया.जानकारी के अनुसार, महिला की लाश 12 नवंबर को उसके घर में फंसी के फंदे पर लटकते मिली थी. बसंतपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दिया है।

एक माह में दूसरी बार डी-रेल हुई मालगाड़ी दुर्घटना रोकने के लिए अधिकारी गंभीर नहीं

कोरबा, 23 नवंबर । कोरबा-गेवरारोड रेलखंड के कोल साइडिंग पर एक माह में दूसरी बार मालगाड़ी के डी-रेल की घटना हुई है। दुर्घटना पर अंकुश लगाने को लेकर अफसर गंभीर नहीं हैं। रेल लाइन की सफाई में लापरवाही बरती जा रही है। इससे एसईसीएल व रेलवे प्रबंधन को नुकसान हो रहा है।

बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह लगभग चाढे चार बजे रेलखंड कोरबा के जूनाडीह साइडिंग पर कोयला लदान के लिए मालगाड़ी को प्लेस किया जा रहा था। रैक की सभी वैगन आगे बढ़ गई, लेकिन सबसे पीछे के एक वैगन का चार पहिया पटरी से नीचे उतर गया। चारों पहिए वैगन के पीछे की है। मौजूद कर्मचारियों ने आनन-फानन में मामले की जानकारी रेलवे व एसईसीएल के अफसरों को दी। घटना के बाद दोनों प्रबंधन में हड़कंप मच गया। अफसर व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। वैगन को पटरी पर चढ़ाने और मर मत का काम शुरू किया गया। लगभग चार घंटे तक कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह लगभग साढ़े आठ बजे लाइन को बहाल किया जा सका।इस समयावधि में रेल लाइन पर मालगाड़ी से कोयला परिवहन बाधित रहा। लगभग दो से तीन रैक पर लदान का कार्य प्रभावित हुआ। इससे रेलवे व एसईसीएल प्रबंधन को काफी नुकसान हुआ है। नुकसानी का आंकलन अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।रेलवे अफसर नुकसानी के आंकलन में जुटे हुए हैं। हालांकि अफसर अधिक नुकसान नहीं होने का हवाला दे रहे हैं। दुर्घटना की वजह साइडिंग पर रेल लाइन की नियमित रुप से सफाई नहीं होने को बताया जा रहा है। इस कारण लगातार मालगाड़ी के डी-रेल के मामले सामने आ रहे हैं।इसके पहले 26 अक्टूबर को भी दीपका साइडिंग के सिरकी के पास मालगाड़ी डी-रेल हो गई थी। दुर्घटना इतनी बड़ी थी कि लगभग पांच वैगन के पहिए पटरी से नीचे उतर गए थे। इसे बहाल करने में कर्मचारियों को लगभग 16 घंटे से अधिक का समय लगा था।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन का सत्यापन

महासमुंद 23 नवम्बर। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए संचालित पोर्टल में आवश्यक संशोधन किया गया है। जिसके तहत छात्रवृत्ति के लिए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. के माध्यम से किया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वर्ष 2021-22 से आधार आधारित आवेदन पोर्टल पर विद्यार्थियों से लिया जा रहा है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2023-24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. के माध्यम से किया जाएगा।

इसके लिए विद्यार्थियों द्वारा आवेदन करते समय आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नम्बर की प्रविष्टि करना आवश्यक है।

डेंगू की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा अभियान

दुर्ग 23 नवंबर । दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 22 नवंबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। सभी डेंगू संभावित मरीज के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 186556 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-211397 जिनमें से 86440 खाली कराये गये। सभी कंटेनरों में 119981 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया, 182591 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कन्टेनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उतको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नही मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी और दुसरी बार लार्वा मिलने पर 500 रू. से लेकर 5000रू. तक का अर्थदंड वसूला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी. बी. एस. बंजारे के द्वारा लोगो से यह अपील की गई है, कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच की जाये। डेंगू एवं मलेरिया की जाँच जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामु.स्वा. केन्द्र व प्राथ. स्वा.के. शहरी प्राथ. स्वा. केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में जाँच निःशुल्क किया जा रहा है।

एक नजर

डॉ. चरणदास महंत ने तुलसी विवाह और देवउठनी एकादशी की प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

रायपुर, 23 नवंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने तुलसी विवाह और देवउठनी एकादशी की प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्रीहरि चतुर्मास की निद्रा से जागेंगे। इसीलिए इस एकादशी को देवउठनी एकादशी भी कहते हैं। इस दिन से ही हिन्दू धर्म में शुभ कार्य जैसे, विवाह आदि शुरू हो जाएंगे। देवउठनी एकादशी के दिन ही भगवान विष्णु के स्वरूप शालीग्राम का देवी तुलसी से विवाह होने की परंपरा भी है। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने अपने संदेश में कहा कि ऐसा माना जाता है जो भक्त देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी विवाह का अनुष्ठान करता है उसे कन्यादान के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। वहीं एकादशी व्रत को लेकर मान्यता है कि साल के सभी 24 एकादशी व्रत करने पर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें, तुलसी को माता लक्ष्मी का अवतार माना जाता है, इस दिन से लोग सभी शुभ कामों की शुरुआत कर सकते हैं।

हाथियों का दल पहुंचा कोरबी सर्किल, धान की फसलों को किया मटियामेट

कोरबा, 23 नवंबर । वनमंडल कटघोरा के पसान रेंज अंतर्गत पनगवा व तनेरा क्षेत्र में सक्रिय 58 हाथियों का दल बीती रात आगे का रूख करते हुए केंदई रेंज के कोरबी सर्किल पहुंच गया है। हाथियों के इस दल को आज सुबह सर्किल अंतर्गत खुरूपारा जंगल में विचरण करते हुए देखा गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। वहीं कोरबा वनमंडल कुदमुरा रेंज में भी 37 हाथी सिमकेदा व गुरमा गांव के जंगल में विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों ने बीती रात एक बार फिर उत्पात मचाते हुए एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को मटियामेट कर दिया है। वन विभाग के अधिकारी आंकलन में जुट गए हैं।

एसईसीएल कुसमुंडा वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराने की तैयारी में

कोरबा, 23 नवंबर । एसईसीएल कुसमुंडा एरिया में अंतर क्षेत्रीय वॉलीबॉली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। यहां होने वाले प्रतियोगिता में 13 एरिया की टीमें भाग लेगी। कोरबा एरिया भी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए तैयारी की जा रही है। वॉलीबॉल खिलाड़ी नवीन सिंह ने बताया कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता होने के बाद अंतरकंपनी स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। पिछले वर्ष भी यहां के खिलाडियों ने जोरदार तैयारी की थी।

कोरबा के अपर कलेक्टर रहे आईएएस अधिकारी की जली कार

कोरबा, 23 नवंबर। कोरबा में डेढ़ दशक पूर्व अपर कलेक्टर रहे आईएएस अधिकारी एवं तेलंगाना राज्य में चुनाव आब्जर्वर का कार्य संभाल रहे सुधाकर खलखो के प्रदेश की राजधानी रायपुर स्थित आवास में बैटरी चार्ज करते वक्त टाटा नेक्सन ईवी कार में अचानक भयंकर विस्फोट के साथ आग लग गई।

न्यूट्रीसो और एनजीओ सर्वाणी ने हिडन हंगर को मिटाने का उठाया बीड़ा

रायपुर 23 नवंबर। न्यूट्रीसो ने एनजीओ सर्वाणी को अपना ऑफिशियल न्यूट्रीशन पार्टनर बनाते हुए सर्वाणी पाठशाला के साथ अपनी पार्टनरशिप की घोषणा की। यह पार्टनरशिप सरवनी पाठशाला में 120 छात्रों को गैर-बासमती चावल के प्रसिद्ध भारतीय निर्यातक के सहायक ब्रांड से बना भोजन उपलब्ध कराएगी, जिसका उद्देश्य भारत में कुपोषण के मुद्दे से निपटना है। और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हिडन हंगर से लड़ने के दृष्टिकोण का समर्थन करना है। एक बेहतरीन मल्टीविटामिन चावल है जिसे भारत में कुपोषण से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सावधानीपूर्वक फोर्टिफिकेशन की प्रक्रिया से, न्यूट्रिसो को फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड ऑथोरिटी (एफएसएसएआई) द्वारा बताए गए जरूरी पोषक तत्वों से तैयार किया जाता है। ये अतिरिक्त पोषक तत्व चावल के पोषण को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे यह देश के कई हिस्सों में फैली हिडन हंगर से लड़ने का एक शक्तिशाली माध्यम बन जाता है।

मगरलोड स्वास्थ्य केंद्र में महिला डॉक्टर लोगों से करती है दुर्व्यवहार

वरिष्ठ अधिकारियों से हो चुकी है शिकायत लेकिन कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 23 नवंबर। मगरलोड- हमारे समाज में डॉक्टर का बहुत ही बड़ा महत्व है डॉक्टर हम सभी के बीमारियों को ठीक करते हैं इनके बिना किसी भी बीमारी का इलाज करना मुश्किल है। डॉक्टर का एक मरीज के लिए बहुत ही बड़ा महत्व है, या फिर यह कहे कि मरीज के लिए डॉक्टर एक भगवान होता है जिसके बिना मरीज को ठीक कर पाना मुश्किल है। लेकिन इन सबके ऊल्टा एक ऐसा भी डाक्टर है जो अपने चेंबर में बैठ कर गप्पें हांकते रहती है और लाईन में लगे मरीजों से दुर्व्यवहार करती है, जी हां हम बात कर रहे हैं मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का यहां पर पदस्थ महिला डॉक्टर नाम है पुष्पा जनबंधु, इसकी शिकायत कई बार वरिष्ठ अधिकारियों से होने के बाद भी इसके उपर कोई कार्यवाही नहीं होने से इनका हौसला बुलंद हो गया हैं,ग्रामीण क्षेत्र से इलाज कराने आने वाले मरीजों सहित स्वास्थ्य केंद्र का पूरा अमला को परेशान करके रख दिया है इस डॉक्टर के बारे में कई बार टोल फ्री नंबर 104 में शिकायत किया जा चुका है लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मगरलोड के एक साभ्रांत नागरिक जो बीपी का पेशेंट है ने बताया कि वह बीपी का दवाई लेने के लिए अस्पताल गया था उस समय उक्त डाक्टर चेंबर में खाली बैठी थी और कोई पेशेंट भी नहीं था जब मरीज ने अपनी समस्या बताया तो डॉक्टर ने तीन नंबर और पांच नंबर में जाने कहा लेकिन पांच नंबर में कोई भी नहीं था, जब इसकी जानकारी डाक्टर मैडम को दिया गया तो उक्त डाक्टर ने एकदम से भड़क गई और मरीज को गुस्से में डांट फटकार लगाते हुए,बोलती है की शिकायत करने आ गए, जाओ जहां शिकायत करना है करो डाक्टर के ऐसे ही रूखे व्यवहार से पूरा क्षेत्र की जनता को अपमानित होना पड़ रहा है,इस तरह ईलाज करवाने आए मरीजों को अपमानित करने वाले डाक्टर पर ठोस कार्रवाई कर मगरलोड स्वास्थ्य केंद्र से तत्काल हटाने की मांग नगर के गणमान्य लोगों ने किए है,

जब इस मामले को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मंडल से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि किसी भी मरीज से दुर्व्यवहार करना गलत है अगर इस तरह मरीज से दुर्व्यवहार किया गया है तो निश्चित रूप से डॉक्टर पर कार्यवाही की जाएगी।

एक नोट से तीन नोट बनाने का झांसा देकर ठगी

बिलासपुर 23 नवंबर। एक नोट से तीन नोट बनाने का झांसा देकर ठगों ने गैरेज संचालक से 1 लाख 48 हजार रुपए ठग लिए। मामले में गैरेज संचालक की शिकायत पर पुलिस ने ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पीड़ित जयदीप सिंह का महाराणा प्रताप चौक पर ऑटो बेस्ट गैरेज है। यहां 21 नवंबर को पथरिया गोइंदा वार्ड नंबर 2 निवासी दीपेश कुमार नवरंग आया। उसने कहा कि वह पूजा पाठ कर एक नोट से तीन नोट बना सकता है, मौके पर उसने दो नोट बने हुए दिखाए। उसके झांसे में आकर जयदीप ने एक लाख रुपए नकद व 48 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद दोपहर 3 बजे वह उसे अपनी कार से जिला जांजगीर पामगढ़ ले गया। गांव के नजदीक एक मकान में एक महिला, दो पुरुष व तीन चार बच्चे पहले से मौजूद थे। उन्होंने मौके पर पूजापाठ करने का ढोंग किया और रुपए छिपा दिए। इसी दौरान गांव के लोगों ने उन्हें यह कहते हुए घेर लिया कि यहां क्या कर रहे हो? इस पर सभी वहां से भाग निकले।

भूपेश बघेल कांग्रेस का प्रचार करने राजस्थान के दौरे पर

रायपुर, 23 नवंबर । राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी राजस्थान रवाना हो गए हैं। वे आज उदरपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। ज्ञात हो कि राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर इस समय राजनीतिक पारा हाई लेवल पर चल रहा है। भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी चुनाव जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राजस्थान की विधानसभा में कुल 199 सीट है जहां 25 नवंबर को मतदान होना है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी आज राजस्थान के उदयपुर में दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे आम सभा को संबोधित भी करेंगे। जानकारी के अनुसार, सीएम भूपेश आज सुबह 11 बजे राजस्थान के लिए रवाना होंगे, जिसके बाद उदरपुर में रोड शो करेंगे। इसके अलावा नाथद्वार के कांग्रेस प्रत्याशी सीपी जोशी के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे। जिसके बाद कल शाम 6.30 बजे रायपुर लौटेंगे।

जैन क्रिकेट चैंपियनशिप 27 नवंबर से,रोजाना 5 मैच होंगे

रायपुर 23 नवंबर। सामाजिक परिवेश में जैन क्रिकेट चैंपियनशिप (जेसीसी)का आयोजन स्थानीय नेताजी सुभाष स्टेडियम में 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक किया गया है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों से कुल 10 टीमें इसमें हिस्सा लेंगी। जैन समाज के लोग ही टूर्नामेंट में खेलेंगे। शाम 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक मैच होंगे और रोजाना 5 मैच खेले जायेंगे। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल शामिल होंगी।

आयोजन समिति की ओर से जानकारी देते हुए सौरभ बाफना ने बताया कि आयोजन का यह पहला साल है क्रिकेट में रूचि रखने वाले युवाओं को जेसीसी में खेलना एक सुखद अनुभव देगा समाज के साथ खिलाडियों को जोड़कर परिचयात्मक रूप से भी मंच मिलेगा। आने वाले साल में अन्य समाज की टीम के साथ चैंपियनशिप करने का प्रयास होगा। नेताजी सुभाष स्टेडियम में 27 नवंबर से रोज 5 मैच होंगे,10-10 ओवर का मैच होगा,कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। डेस कोड से लेकर क्रिकेट के सारे नियमावली रहेंगे। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल शामिल होंगी। 3 दिसंबर को चैंपियनशिप का समापन होगा। विजेता टीम को 3 लाख और उप विजेता टीम को 2 लाख रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। आयोजन के बाद जो सहयोग राशि बचेगी उसे दिव्यांग स्कूल के बच्चों की पढ़ाई व वृध्दाश्रम मे बुजुर्गों की सेवा जैसे कार्यो के लिए प्रदान किया जायेगा। नेताजी सुभाष स्टेडियम को टूर्नामेंट के लिए तैयार किया जा रहा है। टूर्नामेंट का प्रसारण ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

नगर निगम में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों की वरिष्ठता सूची का अंतिम प्रकाशन

राजनांदगांव 22 नवम्बर। नगर निगम राजनांदगांव में कार्यरत नियमित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति के लिये वरिष्ठता सूची का अनंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। सूची प्रकाशन उपरांत कर्मचारियों के दावा आपत्ति हेतु 7 दिवस का समय सीमा निर्धारित की गयी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि राज्य शासन के आदेश दिनांक 12 सितम्बर 2016 एवं समय समय पर विभिन्न पदों की पूर्ति हेतु शासन द्वारा की गयी स्वीकृति अनुसार नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लिये पद संरचना में आयुक्त के प्राधिकारिता के अधीन आने वाले तृतीय श्रेणी एवं चतुर्व श्रेणी अंतर्गत निहित पदों का दिनांक 1 जून 2023 की स्थिति में दर्शाने वाली वरिष्ठता (पदक्रम) सूची का अनतिम प्रकाशन किया जा रहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों में स्वच्छता निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, सहायक ग्रेड-3, लाईनमेन, विज्ञान परिचायक, भृत्य, कारपेन्टर, वाल्वमेन कंट्रोलर, परिचालक, मजदूर, चौकीदार/वाचमेन, कुक एवं रिक्शा चालक के पदो में पदोन्नति किया जाना है। पदोन्नति के लिये वरिष्ठता सूची का अनंतिम प्रकाशन किया जा रहा है, जिसकी दावा आपत्ति के लिये 7 दिन का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों में कार्यरत कर्मचारी दावा आपित्त प्रस्तुत कर सकते है। समय अवधि के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेंगे एवं उपरोक्त पदों में पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु आगे की प्रक्रिया की जावेंगी।

कलेक्टर ने मतगणना स्थल का दौरा कर तैयारियों का लिया जायजा

बिलासपुर,23 नवंबर । विधानसभा निर्वाचन के तहत 3 दिसंबर को मतगणना कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में सवेरे 8 बजे से शुरू होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा मतगणना की तैयारी जोरो-शोरो से चल रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने आज मतगणना स्थल का बारीकी से तकरीबन एक घंटे तक निरीक्षण किया और मतगणना टेबल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर, बैठक व्यवस्था के साथ मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्थाओं के बारे में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ मतगणना सुनिश्चित कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में मतगणना के लिए 14 टेबल की व्यवस्था की जाएगी। डाकमतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना भी इसी स्थल पर सवेरे 8 बजे के पहले की जाएगी। उन्होंने मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग के पुख्ता और व्यवस्थित इंतजाम करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से उन्होंने मतगणना लिए सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने कलेक्टर को त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने मतगणना के दिन सुरक्षा के कड़े इंतजामों से कलेक्टर को अवगत कराया।कलेक्टर ने मतगणना स्थल पर बैरीकेडस, सेक्शंस, राजनीतिक व गैर राजनीतिक व्यक्तियों की एंट्री, मीडिया प्रतिनिधियों, रिजर्व कर्मचारियों, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने इस बार सुरक्षा के मद्देनजर प्रत्याशियों व अधिकारियों के परिचय पत्र में कलर कोडिंग कराने कहा ताकि प्रत्याशियों, अभिकर्ताओं, और शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं अभिकर्ताओं को भी तैयारियों के विषय में जानकारी देते हुए उनका पक्ष जाना। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवकुमार बनर्जी और सभी रिटर्निंग अफसर मौजूद थे। कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं अभिकर्ताओं को स्ट्रांग रूम के नजदीक ठहराने के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी निगरानी दल से भी चर्चा की।

मतगणना की ड्यूटी के लिए अधिकारियों का रैण्डमाईजेशन से किया गया चयन

बिलासपुर,23 नवंबर । विधानसभा चुनाव के लिए 3 दिसम्बर को आयोजित मतगणना कार्य में ड्यूटी के लिए रैण्डमाईजेशन के जरिए अधिकारी-कर्मचारियों का चयन किया गया। एनआईसी कार्यालय में कलेक्टर श्री अवनीश शरण एवं रिटर्निंग अफसरों की मौजूदगी में प्रथम रैण्डमाईजेशन के तहत यह कार्य पूर्ण किया गया। रिजर्व टीम मिलाकर 143 मतगणना दलों के लिए लगभग 500 कर्मचारी मतगणना कार्य को अंजाम देंगे। प्रथम रैण्डमाईजेशन के अंतर्गत मतगणना करने वाले कर्मचारियों के नाम का केवल चयन हुआ है। उन्हें किन विधानसभा क्षेत्रों में और किस टेबल में ड्यूटी निभानी है, इसकी जानकारी अभी किसी को नहीं है। मतगणना तिथि के एक दिन पूर्व उन्हें विधानसभा क्षेत्र और मतगणना के दिन 3 दिसम्बर को ही सवेरे टेबल की जानकारी दी जायेगी। ये दोनो प्रक्रियाएं ऑबजर्वर की मौजूदगी में रेण्डमाईजेशन के जरिए आवंटित किया जायेगा। प्रत्येक विधानसभा के इव्हीएम मतों की गणना के लिए कक्ष में 14-14 टेबल लगाए जा रहे है। पोस्टल बैलेट्स एवं इटीपीबी मतों की गणना अलग टेबलों में की जायेगी।

नपाध्यक्ष व उनके भाई के नाम पीएम आवास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 23 नवंबर। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेते हुए कांग्रेसी नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम व उनके भाई पर आवास योजना व योजना की सार्वजनिक ट्यूबवेल (बोर) को अपने निवास में निजी उपयोग कर फर्जीवाड़ा की शिकायत नपाध्यक्ष के वार्डवासियों ने मीडिया के सामने रखी व इस बात की शिकायत रायपुर सुडा कार्यलय से लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय तक भेज तत्काल भौतिक सत्यापन करा दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है।

दस्तावेज फर्जी तो 420 की कार्यवाही। सीएमओ नगर पालिका : इस मामले की जानकारी लेने पर नगर पालिका के सीएमओ ने बताया की मेरा कार्यकाल 2 माह पूर्व ही शुरू हुआ है व शिकायत के माध्यम से पता चला कि बुधवारी पारा में जनहित व सरकारी पैसे से जो भी बोर कराये गये है उसका अवलोकन इंजीनियर के आने पर करवा दिया जायेगा व पीएम आवास योजना का लाभ नपाध्यक्ष व उनके भाई को कैसे मिला इसका दस्तावेज नोटरी व तहसील की सत्यापित प्रति लेकर अवलोकन कर सकते है।

गौरव टेम्भूरकर नाम के व्यक्ति नपाध्यक्ष की करते है वसूली : बताया जाता है कि गरीबों के आवास् योजना की किश्त निकलवाने के लिए नपाध्यक्ष को चढोतरी चढ़ानी पड़ती है जिसके बाद निर्देश आने पर आनलाईन चढ़ा रिकार्ड सुडा आफिस पहुँचाया जाता है जिस काम को अंजाम देने नपाध्यक्ष ने अपने किसी गौरव टेम्भूरकर को नपा में कलेक्टर दर पर एड़ाग में कार्य पर लगवाया गया है। बताया जाता है नपा क्षेत्र में जितने भी अवैध निर्माण व सरकारी कार्य होते है जिनसे वसूली का कार्य गौरव ही करते है हालांकि इस बात का प्रमाण हमारे पास तो नहीं है पर नपा के कई वर्षो से कार्य करने वाले कर्मचारियो ने बताया की अध्यक्ष की वसूली गौरव टेम्भुरकर करता है। जिससे कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है। आखिर कलेक्टर दर पर कार्य करने वाला कर्मचारी दोनों नवरात्र मेले की फर्जी वसूली सहित नगर के समस्त निर्माणाधीन कार्यो में कमीशन को लेकर ठेकेदारो पर दबाव बना अपना खेल कर रहा है ।

नपाध्यक्ष का कोई जवाब नहीं : इस मामले में संज्ञान व पक्ष जानने हमारे सँवाददाता के द्वारा दूरभाष पर संपर्क किया गया परंतु उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई।

गौरव पर आरोप की बात करते ही दूरभाष से संबंध वेच्छेद : वही इस बात की जानकारी सहित बुधवारी पारा में 5 ट्यूबवेल बोरो में एक बोर नपाध्यक्ष के घर में व बिल आहरण के सवाल पर गौरव ने फोन काट कर कोई जवाब नहीं दिया जिससे कई प्रकार के सवाल जनता के सामने उपजने लगे है व धर्मनगरी के लोग जानना चाहते है क्या सच है?

सरपंच की लापरवाही से बच्चे की मौत

मामला आसरा पंचायत का,खुले सैप्टिक टैंक में गिरने से हुई है मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 23 नवंबर। मामला ग्राम पंचायत आसरा का है,जहाँ गांव में बने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 के सैप्टिक टैंक में डूबने से एक ढाई साल के बच्चे की मौत हो गयी है,विश्वत सूत्रों से जानकारी अनुसार घटना आज दोपहर 1 से 2 बजे की है जहाँ पास में ही खेल रहे ढाई साल का भरत कुमार पिता सतीश कुमार कंवर आंगनबाड़ी में बने सैप्टिक टैंक में जा गिरा जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक बालक सतीश कुमार के साथ एक अन्य बच्चा और था जो गिरने से बच गया,सतीश के गड्ढे में गिरने के बाद दूसरा बच्चा वही खड़ा होकर रो रहा था जिसे सड़क से गुजर रहे एक महिला ने देखा और आंगनवाड़ी सहायिका को इसकी जानकारी दी,सहायिका ने सैप्टिक टैंक में गिरे बच्चे को पहचान कर उसके दादा को सूचना दी तब जाकर बच्चे के दादा ने सैप्टिक टैंक से बच्चे को बाहर निकाला। आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया और सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुचाया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जिम्मेदार आखिर कौन ?

ग्राम आसरा में हुई इस दर्दनाक घटना की जिम्मेदार आखिर कोन है ?क्या टैंक का ढक्कन लगा होता तो आज बच्चे की जान जाती ? एक परिवार का चिराग बुझता ? नही ,लेकिन इस सबसे बेपरवाह सरपंच को आखिर इससे क्या ! जान तो दूसरे की बच्चे की गई है।

आंगनबाड़ी में नबा सेप्टिक टैंक शुरू से खुला हुआ है

आंगनबाड़ी में बने सैप्टिक की टैंक शुरू से खुला हुआ है। सरपंच अहिल्या राजाराम पंचारी को कई बार सूचना एवं शिकायत के बाद भी टैंक का ढक्कन नही लगाया था। सरपंच ने हमेशा ही यह बोलकर टाल दिया कि बाद में करेंगे। और आज इसका खामियाजा एक परिवार को अपने लाल को खोकर चुकाना पड़ा। आंगनबाड़ी वर्कर एवं सहायिका ने बताया कि खुले टैंक को हमने अस्थायी व्यवस्था बनाकर उसमें पत्थर ढंक दिया था किंतु उसको भी किसी ने चोरी कर लिया। सरपंच को सूचना देने के बाद भी टैंक ढकने के लिए सरपंच अहिल्या बाई ने कोई प्रयास नही किया।

सरपंच ने नही उठाया फोन

जब इस संबंध में पत्रकारों ने सरपंच से जानकारी लेनी चाही तो सरपंच अहिल्या राजाराम पंचारी ने फोन उठाना उचित नही समझा।

शहर के बुधवारी बायपास पर यह है आए दिन की समस्या

रिकांडो रोड पर भारी वाहनों के जाम से जनता त्रस्त

कोरबा, 23 नवंबर । शहर का बुधवारी बाईपास मार्ग(रिकांडो मार्ग) समस्या मूलक बनी हुई है। यहां आए दिन लग रहे भारी वाहनों की जाम से जनता पूरी तरह त्रस्त है फिर भी जिम्मेदार विभाग के अधिकारी मुक दर्शक बनकर बैठे हुए । उनका ध्यान केवल अवैध वैसूली पर जनता को जाम को से होने वाली समस्या से उन्हें कोई लेना देना नही है।

जानकारी के अनुसार इन दिनों कोयला लदे भारी वाहनों का आना-जाना बुधवारी बाईपास मार्ग रिकांडो रोड से हो रहा है। जिनकी संख्या हजारों में रहती है। इस मार्ग पर आगे रेल्वे स्टेशन के पास रेल्वे का फाटक भी स्थित है। इस रेल्वे फाटक आए दिन बंद रहने से वाहनों की लंबी कतार सडक किनारे दोनों ओर रेल्वे से लेकर मुडापार अग्रैया होते हुए बुधवारी महाराणा प्रताप चैक पर लगी रहती है। इस दौरान वाहन चालक अपने वाहनो को बेतरतीब तरीके से खडे कर देते है। बेतरतीब वाहनो के कारण कई बार वाहनो की सडक में तीन-तीन, चार-चार लाईने लग जाती है। और जाम की स्थिति बनने के कारण लोगों को आने जाने में भारी कठिनायों का सामना करना पड़ता है। इस तरह की स्थिति खासकर गुरूघासी दास चैक कुछ ज्यादा की बनती है। सडक पर खड़े बेतरतीब वाहनो को व्यवस्थित कराने की जिम्मेदारी नियमतरू यातायाता पुलिस के अधिकारियों व जवानों की होती है। लेकिन यातायात पुलिस वाहनो को व्यवस्थित कराना तो दूर इस ओर झाक कर भी देखती उसका ध्यान केवल अवैध वसूली में ही रहता है। जब अवैध वसूली करना होता है तो यातायात पुलिस मार्ग पर पहुंचकर वाहन चालको से अवैध वसूली कर वापस चली जाती है। उनको भारी वाहनों तथा इसके कारण होने वाले जाम से जनता की परेशानियों से कोई लेना देना नही है। आज भी भारी वाहनों का जमावड़ा रिकांडो रोड पर मध्य रात्रि से लेकर दोपहर तक लगा । दोनों ओर गाडिया की लंबी कतार के कारण लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा लेकिन जिम्मेदार मौके पर पहुंचकर नियंत्रित करने के लिए नजर नही आए फलस्वरूप लोग काफी परेशान रहे।

इस मार्ग पर यह पहली घटना नही है कि इस तरह जाम लगा हो इसके पहले भी इस मार्ग में इसी तरह लगातार जाम जैसी स्थिति निर्मित होती रही है। लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी समस्या का निराकरण करने पूरी तरह नाकाम नजर आ रहे है। हाल ही में विधानसभा चुनाव भी संपन्न हुआ है। सभी विधान सभा प्रत्याशी तमाम तरह के वादे लोगों से करते रहे है। लेकिन चुनाव खत्म होने बाद लोग किस तरह परेशान हो रहे है। यह तो किसी से छुपर नही है। लेकिन चुनाव में वादे करने वाले नेता ऐसी समस्याओं को लेकर पूरी तरह खामोश बैठे हुए है।

बाइकर्स युवक को रौंदने वाला ट्रेलर जब्त, चालक फरार

कोरबा। बाइक से घर लौटते वक्त देर रात बालको रिंग रोड में बाइकर्स युवक को रौंदकर मृतकारित करने वाले ट्रेलर को बालकोनगर थाना पुलिस ने घटना स्थल से जब्त कर उसे थाना परिसर में लाकर आज सुबह खड़ी कर दिया। वहीं वारदात के बाद फरार हुए ट्रेलर चालक की सरगर्मी से पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बेलगरी बस्ती फयर कालोनी निवासी युवक प्रदीप मसीह उम्र 28 पिता राजकुमार मसीह बाइक से कल देर शाम 7.30 बजे के लगभग वापस अपने घर आवश्यक कार्यो को निपटाने के बाद बालकोनगर टाउनशिप से लौट रहा था। बालको रिंग रोड में वह बाइक लेकर पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी-12.एयू-0713 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे रौंद दिया। इस दुर्घटना में बाइकर्स युवक बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल ले जाने की तैयारी सूचना मिलने पर बालको पुलिस द्वारा की जा रही थी। बताया जाता है कि इस दुर्घटना में काफी गंभीर रूप से घायल युवक की अत्यधिक रक्तश्राव होने तथा सीने व सिर में अत्यधिक चोट होने से उसकी मौत हो गई।

वैदेही के सफल डायरेक्टर सागर पांडा अब जवानी जिंदाबाद लेकर आ रहे हैं, आज मुहूर्त

रायपुर 23 नवंबर। राधेश्याम प्रोडक्शन कृत निर्माता राधेश्याम चौधरी द्वारा निर्मित हंसी-मजाक के साथ जवानों को संदेश देता फिल्म जवानी जिंदाबाद का महुर्त आज किया जाएगा। युवा पीढ़ी पर आधारित इस फिल्म में छालीवुड से लेकर बॉलीवुड और उड़ीसा तक के कलाकार शामिल है। वैदेही फिल्म के सफल डायरेक्टर सागर पांडा इस फिल्म के लेखक और निर्देशक हैं। फिल्म के कलाकारों में आकाश सोनी, लक्षित झांझी, ज्योत्सना ताम्रकार, सुमन पटनायक, पूरन किरी, संजय महानन्द, पुष्पेंद्र सिंह, अंजली सिंह चौहान, सुमेधा जी, हर्षवर्धन, लवनीत, सागर पंडा जैसे कई मंझे हुये कलाकार है। प्रोडेक्शन हेड पूरन किरी, क्रिएटिव डायरेक्टर आदित्य कश्यप, एसोसिएट सांवरे,असिस्टेंट डायरेक्टर अनुनय शर्मा, रायगढ़ में फिल्म की शुटिंग 1 दिसम्बर से शुरू हो जाएगी।

संपादकीय

हर तरह से प्रभावित करने का प्रयास

देश व राज्य के चुनाव कहने को तो हर बार निष्पक्ष,स्वतंत्र व शांतिपूर्ण कराने का प्रयास चुनाव आयोग करता है। यह उसकी जिम्मेदारी है और वह अपनी जिम्मेदारी निभाने का पूरा प्रयास करता भी है। उसके प्रयासों के कारण मतदान प्रतिशत हर चुनाव में बढ़ता है। एक तरफ चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव कराने का प्रयास करता है तो दूसरी तरफ उसे असफल करने के प्रयास भी जोरों से राजनीतिक दल करते हैं। वह किसी भी तरह चुनाव जीतना चाहते हैं। इसलिए चुनाव में खर्च की सीमा तय होने के बाद भी अलग से पैसा खर्च किया जाता है। यह चुनाव आयोग की सीमा से कई गुना ज्यादा होता है। हर चुनाव के पहले नगदी, सामान, शराब आदि जनता को बांटी जाने वाली वस्तुए बड़ी मात्रा में जब्त की जाती है। इस बार पांच राज्यों मे ंचुनाव के दौरान 1760 करोड़ रुपए की नगदी,शराब, सामान आदि जब्त किए गए हैं । यह तो वह राशि है जो पकड़ी गई है। इस राशि से कई गुना ज्यादा राशि तो चुनाव के आखिरी दिन बांटी गई है, लोगों को शराब, साड़ी, नगदी, मटन चिकन जो भी बांटा जा सकता था, बांटा गया है।यह राशि निश्चित रूप से जितनी पकड़ी गई है, उससे दस गुना ज्यादा होगी। अगर जब्त की गई राशि 1760 है तो जो राशि पकड़ी नहीं गई है वह दस हजार करोड़ रुपए से ज्यादा तो होगी ही। इससे पता चलता है कि लोकतंत्र में चुनाव को दूषित करने का काम राजनीतिक दलों द्वारा किस कदर किया जाता है। राजनीतिक दलों को अपनी योग्यता व अपने काम पर भरोसा नहीं होता है, यही वजह है कि उन्हें जनता को वोट खरीदने के लिए अलग से पैसा खर्च करना पड़ता है, जनता को रिश्वत देनी पड़ती है। राजनीतिक दल सोचते भी नहीं हैं कि वह गलत कर रहे हैं। इस तरह का चुनाव तो निष्पक्ष हो नहीं सकता। स्वतँत्र हो नहीं सकता। एक तरफ नाजायज तरीके से जनता को प्रभावित किया जाता है और दूसरी तरफ चुनावी वादों के जरिए मुफ्त व नगदी का वादा कर अलग से प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है।200 यूनिट बिजली फ्री का मतलब क्या होता है, इस पार्टी के प्रत्याशी को जनता वोट देगी तो सरकार बनने पर राजनीतक दल जनता को 200 यूनिट बिजली फ्री देगा। यह तो जनता को सीधे प्रभावित करने का प्रयास है। लेकिन अब सारे राजनीतिक दल ऐसा करने लगे हैं इसलिए कोई इसे गलत नहीं मानता है। सारे राजनीति दल जनता को सही गलत की परवाह किए बिना प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। इससे होता यह है कि एक गलत परिपाटी चल पड़ती है। यह न जनता को गलत लगता है और न ही राजनीतिक दलों को गलत लगता है। कोई यह नही सोचता हैं कि राजनीतिक दल व उसके नेता चुनाव में जितना ज्यादा पैसा खर्च करेंगे, उनकी सरकार बनने पर भ्रष्टाचार कर उससे कई गुना ज्याद पैसा पार्टी व परिवार के लिए जुटाएंगे ही। आज देश के ज्यादातर राज्यों में जिन क्षेत्रीय दलों की सरकारें हैं, उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगता ही इसलिए हैं कि वह सरकार बनने पर एक चुनाव का खर्च निकलते हैं और दूसरे चुनाव के लिए फंड भी जुटाते हैं। चुनाव देश में जब तक ज्यादा खर्च वाले बने रहेंगे तब तक राजनीतिक दलों के लिए भ्रष्टाचार करना जरूरी बना रहेगा। राजनीतिक दल सत्ता में आते ही नए नए भ्रष्टाचार करने के तरीके निकालेंगे। पहले कभी सुना नहीं गया कि कोई सरकार शराब माफिया से पैसे लेकर उसके हिसाब से शराब नीति बनाती है। पहेल कभी सुना नहीं गया कि सट्टा एप राज्य में चलाने के लिए किसी सरकार ने सट्टा खेलाने वालों से पैसे लिए हैं। जब तक चुनाव महंगा बना रहेगा राजनीतिक दल भ्रष्टाचार से बच नहीं सकते हैं। राजनीतिक दल के नेताओं को अपने लिए साथ ही पार्टी के लिए गलत तरीरे से पैसा तो जुटाना ही पड़ेगा।

भगवान श्री हरि और रुद्र की कृपा का पर्व है बैकुंठ चतुर्दशी

बैकुंठ चतुर्दशी

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

पूजा में व्यवधान न पड़े इस विचार के साथ भगवान श्री नारायण ने उनका एक नाम कमलनयन भी है , अतः उन्होंने अपनी एक आंख भगवान शिव के चरणों में अर्पित कर दी । इससे प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ ने उनकी आंख उन्हें वापस कर पूजा स्वीकार की। कहा जाता है कि इसी दिन भगवान विष्णु की आराधना से प्रसन्न शिव जी ने उन्हें सुदर्शन चक्र प्रदान किया और कहा कि यह चक्र राक्षसों का विनाश करने वाला होगा ।

हिंदी महीनो में श्रावण मास एवं कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया गया है ।भगवान शिव की आराधना के लिए श्रावण मास में श्रद्धालु जलाभिषेक से लेकर दुग्धाभिषेक और महामृत्युंजय पाठ कर सृष्टि के संहारक भगवान भोलेनाथ से कुशल छेम की प्रार्थना करते हैं । कार्तिक मास में जहां हम मां लक्ष्मी की पूजा दीपावली के रूप में करते हैं , वहीं कार्तिक स्नान का महत्व भी पुराणों में बताया गया है । कार्तिक मास की महत्ता यहीं आकर नहीं रुक जाती है । कार्तिक माह के अंतिम दिनों में एक तिथि ऐसी भी आती है , जो हिंदू धर्मावलंबियों को सृष्टि के पालन और संहारक

भगवान विष्णु और शिव-शंकर की एक साथ पूजा का अवसर प्रदान करने वाली कही गई है ।इस तिथि का महत्व आषाढ़ मास से जुड़ा हुआ है । आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को ÷ देवशयनी एकादशी ÷ के नाम से जाना जाता है । इसी तिथि के बाद से भगवान श्री नारायण चार माह के लिए निद्रा में चले जाते हैं । इसे ही हम चातुर्मास भी कहते हैं । चार माह के बाद सूर्य के तुला राशि में चले जाने के उपरांत उन्हें जगाया जाता है । इसे हम देवोत्थानी एकादशी अथवा देवउठनी एकादशी भी कहते हैं । इसी दिन भगवान श्री नारायण (शालिग्राम) का विवाह तुलसी से कर , हम तुलसी विवाह का पर्व मनाते हैं ।

वास्तव में बैकुंठ चतुर्दशी क्या है ? हमारे शास्त्रकार और ज्योतिष विद्या के जानकार तो इसे भलीभांति जानते हैं , किंतु आम जनजीवन में इस महत्वपूर्ण तिथि की जानकारी अथवा पूजा आराधना द्वारा प्राप्त किए जा सकने वाले फल का सर्वथा अभाव दिखाई पड़ रहा है। बैकुंठ चतुर्दशी पर कुछ लिखने के पीछे मेरा ध्येय मात्र यह है कि भगवान श्री नारायण और भगवान शिव की एक साथ पूजा का विशेष अवसर आम जनजीवन और श्रद्धालुओं को एक विशेष आयोजन से जोड़ सके । पुराणों में ऐसा उल्लेख मिलता है कि देवशयनी एकादशी के दिन जब भगवान श्री नारायण क्षीरसागर में आराम के लिए प्रस्थान करते हैं , तब वे इस संसार के परिचालन की जिम्मेदारी भगवान भोलेनाथ को सौंप देते हैं । जब वे चार माह बाद जागते हैं और हम तुलसी विवाह का पर्व मनाते हैं , तब वह देवउठनी एकादशी होती है । इसे हम ÷ प्रबोधिनी एकादशी ÷ के नाम से भी जानते हैं । इस पर्व के ठीक चौथे दिन चतुर्दशी तिथि होती है । इसे ही हम बैकुंठ चतुर्दशी ÷ के नाम से जानते हैं । इसी तिथि को देव दिवाली भी कहा जाता है । आषाढ़ शुक्ल पक्ष से लेकर कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रबोधिनी एकादशी तक संसार की सत्ता संभालने वाले भगवान भोलेनाथ बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान श्री नारायण को सत्ता सौंपते हैं। भगवान विष्णु को संसार की सत्ता वापस सौंपने के लिए भगवान शिव और विष्णु जी की आपस में भेंट होती है । पुराणों में ऐसे कथानक मिलते हैं कि इसी भेंट के दौरान शिवजी पर तुलसी दल और विष्णु जी पर बेलपत्र गिर पड़ते हैं । पुराणों के इसी कथानक के चलते वर्ष में एक बार बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान शिव पर तुलसी दल और श्री नारायण पर बेलपत्र चढ़ाया जाता है इस तिथि के उपरांत और ना तो इससे पहले शिवजी पर तुलसी चढ़ाई जाती है और ना ही श्री नारायण पर बेलपत्र कहा जाता है कि बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान भोलेनाथ और भगवान विष्णु की एक साथ पूजा कर प्रति बैकुंठ प्रताप की कामना करते हैं संसार के पालनकर्ता और सहायिका की पूजा का प्रावधान चतुर्थी तिथि पर चतुर्दशी तिथि पर निश्चित कल अर्थात अर्धरात्रि में करने की बात कही जाती है यह भी मानता है कि इस दिन श्रद्धा और तर्पण का विशेष महत्व होता है ऐसे कथानक भी मिलते हैं कि इसी बैकुंठ चतुर्दशी पर महाभारत के युद्ध में मारे गए लोगों का श्राद्ध कर्म भगवान श्री कृष्ण ने करवाया था वैष्णवन के आराध्य श्री नारायण एवं से लोगों के आराध्य भगवान शिव के भक्तों के लिए बैकुंठ चतुर्दशी को पारस्परिक एकता का प्रतीक माना जाता है भगवान श्री नारायण को सत्ता सौंपने के बाद भगवान शिव कैलाश पर्वत पर तपस्या रथ हो जाते हैं इस पावन पर्व अथवा धार्मिक परंपरा को हरिहर मिलन भी कहा जाता है । इस दिन दोनों आराधों की पूजा निम्न मंत्र द्वारा की जानी चाहिए ः-

विना यो हरि पुजाम तु, कुर्याद रुद्रस्य चार्चनम।
वृथा तस्य भवेत्पुजा, सत्यन्मेत द्रचो मम ।।

बैकुंठ चतुर्दशी के दिन दिवाली की तरह घर द्वार में 14 दीपक जलाने से भगवान विष्णु और शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है । भगवान शिव और विष्णु जी की पूजा एक साथ करने का अवसर बहुत ही कम आता है । इस दिन पूजा के समय भगवान शिव जी को तुलसी और मंजरी का भोग लगाना उत्तम होता है । तुलसी के पौधे में लगी मंजरी (दल) को उत्तम माना जाता है । भगवान विष्णु बैकुंठ चतुर्दशी के दिन सत्ता पाने के बाद यह संकल्प लेते हैं कि वे वाराणसी में विशेष अवसर पर 1000 कमल पुष्प से शिवजीकी पूजा करेंगे । जब वे इस प्रकार की आराधना में लीन हुए तो पाया गया की 1000 कमल पुष्प में से एक पुष्प गायब है । पूजा में व्यवधान न पड़े इस विचार के साथ भगवान श्री नारायण ने यह सोचकर कि उनका एक नाम कमल नयन भी है , अतः उन्होंने अपनी एक आंख भगवान शिव के चरणों में अर्पित कर दी । इससे प्रसन्न होकर भगवान भोलेनाथ ने उनकी आंख उन्हें वापस कर पूजा स्वीकार की। कहा जाता है कि इसी दिन भगवान विष्णु की आराधना से प्रसन्न शिव जी ने उन्हें सुदर्शन चक्र प्रदान किया और कहा कि यह चक्र राक्षसों का विनाश करने वाला होगा । तीनों लोकों में सुदर्शन चक्र की बराबरी करने वाला अन्य अस्त्र नहीं होगा ।बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु के सहस्त्रनाम का जप करना अति उत्तम बताया गया है । ऐसे भी कथानक मिलते हैं जिसमें भगवान श्री राम ने भी ÷ ब्रह्म हत्या ÷ के पाप से मुक्ति के लिए बैकुंठ चतुर्दशी के दिन भगवान भोलेनाथ की आराधना की । यह कथानक भी भगवान श्री नारायण के कथानक से मिलता है । कारण यह की भगवान श्री नारायण ने ही त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में जन्म लेकर ÷ रावण वध ÷ किया । हम यह जानते है कि रावण के समान गुणी ब्राह्मण कोई और नहीं था । अतः मर्यादा पुरुषोत्तम ने ब्रह्म हत्या के पाप को दूर करने गुरु वशिष्ट के बताए अनुसार कमलेश्वर महादेव की पूजा 108 कमल पुष्प से की । यहां भी एक कमल कम हो जाने से मर्यादा पुरुषोत्तम ने अपनी आंख भगवान शिव को अर्पित कर दी । मर्यादा पुरुषोत्तम के समर्पण भाव को देख भगवान शिव ने उन्हें ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्त किया । बैकुंठ चतुर्दशी के दिन दोनों देवों के आराधना एक साथ होने से इस मंत्र का जप भी उत्तम बताया गया है

शिव केशवाय नमः, हरिहर नामाम्यहम

आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए स्पेशल रहेगा। दांपत्य रिश्ते की नाराजगी आज खत्म होगी, एक-दूसरे के साथ रिश्ते की नयी शुरुआत करेंगे। बच्चे आज बेहद खुश रहेंगे, उनकी डिमांड आज माता-पिता पूरी करेंगे। जो लोग प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे, अपने लक्ष्य पर ध्यान दें।

वृष राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। दोस्त की बड़ी खुशी में आज आप शामिल होंगे, उन्हें काफी खुशी होगी। आज नौकरी अथवा व्यवसाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न रखें दूसरों के भरोसे काम न छोड़ें नही तो नुकसान हो सकता है। किसी से लिए रुपए को जल्द से जल्द चुकता करेंगे। अपने वैवाहिक जीवन को आज खास बनायेंगे। मानसिक रूप से किसी बात को अधिक सोंच सकते हैं।

मिथुन राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिन्हें आप बखूबी पूरा करेंगे। आपका किसी बिजनेस मीटिंग में परफॉर्मेंस अच्छा रहेगा और आस पास के लोग आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपको बहुत बड़ा फायदा भी होगा। आज किसी काम में उलझने से अच्छा है किसी बड़े की सहायता ले लें। पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र बढ़ेगा।

कर्क राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऑफिस में पेंडिंग कार्य को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज शांत मन से कोई भी निर्णय लेना बेहतर रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज बेटे की किसी परीक्षा का रिजल्ट उनके हक़ में आयेगा। शुगर की समस्या से परेशान लोग आज अपने खानपान पर परहेज रखें। कपड़े के व्यापारियों को भी आज अच्छा लाभ होगा।

सिंह राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। दोस्तों के साथ मिलजुल कर रहे। जरुरत पड़ने पर आपको मदद लेनी पड़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी। काफी समय से सोंची कोई चीज आज खरीद सकते हैं। आप अपने खाली समय का सदुपयोग नई चीजें सीखने में करें, जो आपकी उन्नति में योगदान देगा। छात्रों के लिए आज अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने का है यदि मन को इधर-उधर लगाएंगे तो परिणाम पर विपरीत असर हो सकता है।

कन्या राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज अपने आर्थिक पक्ष को देखते हुए खर्च करेंगे। धन आगमन होने से आप आर्थिक रूप से राहत महसूस करेंगे। दबी हुई आमदनी या दिया हुआ पैसा वापस हाथ में आएगा। पारिवारिक जीवन में सुख शांति और संपन्नता बढ़ेगी। घर में शुभ मांगलिक कार्यक्रम आयोजित होने की संभावना हैं। आपको अपने कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। आज उम्मीद से कई गुना ज्यादा आपको लाभ होगा। आपको कोई अच्छी नौकरी जल्द मिलेगी।

तुला राशि-आज आपका दिन नार्मल रहेगा। आपकी इनकम के हिसाब से खर्चे बढ़ेंगे। काम में आ रही समस्यायें आज समाप्त होंगी। आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान देने की जरुरत रहेगी। आज बच्चे अपनी परेशानी माता से शेयर करेंगे तो उनको अपनी परेशानी का हल मिल जाएगा जिससे उनका मन काफी खुश होगा। पारिवारिक सुखों में वृद्धि होगी। काम के प्रति आपकी रूचि बढ़ेगी। आपकी राय से किसी की समस्याओं का हल निकलेगा।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज हैवी ट्रैफिक की वजह से आपको ऑफिस के लिए लेट हो सकता है। आय की तुलना में व्यय की मात्रा अधिक रहेगी आपके विचारों में थोड़ी नकारात्मकता आ सकती है। इलेक्ट्रॉनिक चीजों या मशीनरी पर खर्च आदि की संभावना अधिक रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जिस भी कार्य को करने को सोचेंगे उसमे सफलता जरूर मिलेगी। पिता आपके जिम्मेदार व्यक्तित्व को देखकर गर्व महसूस करेंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। बड़े भाई की सहायता से काम को जल्द और आसानी से पूरा कर लेंगे। आपके घर के वातावरण में सुख समृद्धि बढ़ेगी। प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से जुड़ा काम आज फाइनल हो जायेगा। आपकी अधिक इनकम से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। जो लोग आर्किटेक्ट, सजावट की वस्तुओं, डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में जुड़े हुए हैं उनके लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। परिवार में कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। छात्रों का मन आज पढ़ाई से हट सकता है।

मकर राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पूरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञ सामाजिक कामों में रूचि लेंगे। कोई नई शुरुआत करने अथवा नौकरी में परिवर्तन के मामले में आप गंभीरता से विचार करेंगे। आज दोस्तों के साथ किसी रेस्टोरेंट जाने का प्लान बनेगा। स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं आज खत्म होंगी। वाहन आदि लेने के सुखों का योग है। संतान पक्ष की उन्नति से घर में उत्साह बढ़ेगा।

कुंभ राशि-आज आपका दिन मिलीजुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज किसी बात से आप बेहद खुश होंगे। सिंगर्स को किसी एल्बम की प्रसिद्धि के लिए सम्मानित किया जाएगा। अगर आप कोई प्रेजेंटेशन तैयार कर रहे हैं, तो ध्यानपूर्वक करें। इस राशि के लोगों को काम के साथ स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना चाहिए। सिविल इंजीनीयर्स को आज बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है। व्यापारिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी। समस्याओं से आज छुटकारा मिलेगा जिसके कारण आप मेंटली रिलेक्स फील करेंगे।

मीन राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज कुछ नया करने की चाह आपको होगी। अगर आप हाई लेवल की परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। मेहनत करते रहें। आपको सफलता जरूर मिलेगी। बॉस आपके काम की तारीफ़ करेंगे फिर भी अपना काम पूरा पूर्णता के साथ करें। आज दोस्त की बर्थडे पार्टी में खूब एन्जॉय करेंगे। साथ ही पुराने दोस्तों से भी आपकी मुलाकात होगी।

व्यंग्य

मैं और मेरा मोटापा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

वर्ष 2022 के शुरुआती दिनों में मेरा वजन एक सौ दस किलो से थोड़ा ज्यादा था। आज यानि बाईस की विदाई के वक्त दो किलो वजन कम हो गया है। मामला ध्यान देने लायक है। सरकार गलतबयानी और आंकड़ों की बाजीगरी में माहिर है। कृपया ध्यान दें कि यहां सरकार का मतलब गृह सरकार से है। उन्होंने वजन में दो किलो की कमी को स्वास्थ्य के लिए अच्छा संकेत माना। उन्होंने अपने बाएं हाथ से दाएं हाथ पर ताली भी बजाई और कहा कि सरकार के प्रयासों के अच्छे परिणाम अब दिखने लगे हैं। उन्होंने भी झिझकते हुए उन्हें बधाई दी।

लेकिन सर! मैंने वज़न कम करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है! हम हैरान थे। प्रयास!! ।।।आम आदमी यानि जनता कब प्रयास करती है!? ।।।सब कुछ सरकार को करना है। सरकार की मांग में आपके नाम का सिन्दूर भरा है। आपके भोजन का जिम्मेदार कौन है?÷ कपड़े, नींद और जागना?! शायद तुम्हें पता न हो, लेकिन दिन-रात तुम्हें ही दुख होता है। मैंने तुम्हारा घी-तेल कम कर दिया, मिठाइयां और आटा कम कर दिया, महंगा पेट्रोल बचाने के लिए पैदल चलने की आदत डाल दी। याद करो, तुम्हें किसने बनाया धर्म ध्यान करो और सप्ताह में दो बार उपवास करो? पूरे साल शरीर मंदी का शिकार रहा और तुम्हें पता ही नहीं चला। सरकार ने प्रेस नोट जैसा जवाब जारी किया।मुझे याद आया कि ये सब तो हुआ था। उनका लक्ष्य अपना दो दो किलो कम करना था, जो हासिल कर लिया गया। मुझे नहीं पता था कि सरकारी योजनाएं इतनी चमत्कारी होती हैं। लेकिन मां और दोनों बहनें इससे खुश नहीं थीं। उन्होंने अपना वजन दो किलो कम होने को चिंता का विषय बताया। यह भी संकेत दिया कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के गंभीर परिणाम होंगे जो भविष्य में घातक साबित होंगे। जब मेरी माँ सत्ता में थीं, तो मेरा शरीर चाँद की तरह बढ़ गया। जिस दिन मुझे पता चला कि मेरा वजन 110 किलो से ज्यादा हो गया है, मेरी मां ने मुझे बादाम का लड्डू बनाकर खिलाया था।

आप क्या सोच रहे हैं? ।।।क्या आप खुश नहीं हैं? अचानक सरकार ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर का पत्थर बजा दिया।

वो क्या हैज माँ और बहनें।

उन्होंने पूरी बात सुने बिना ही कहा- विपक्षी गठबंधन का काम सरकार की अच्छी योजनाओं में खामियां निकालना और गुमराह करना है। क्या आप जानते हैं कि दो किलो वजन कम करने के बाद आपने सेमी सलमान पहनना शुरू कर दिया है। इस समय लोगों को सिक्स पैक की जरूरत है। आशा थी कि आप आभारी होंगे, या कम से कम धन्यवाद कहेंगे, लेकिन।।।गठबंधन की राजनीति ने आपकी सोच पर कब्ज़ा कर लिया है। ऐसी बात नहीं है सरकार। माँ कह रही थी कि अगर इसी तरह वजन कम होता रहा तो पहचान का संकट पैदा हो जाएगा। तुम्हारा क्या भरोसा, तुम उसे पहचानने से इनकार कर देती हो और घर से निकाल देती हो। अभी किसी भी पहचान पत्र में वजन का कोई जिक्र नहीं है!!

आप कैसी बातें कर रहे हैं? पहचान पत्र में नाम और चेहरा होता है। पहचान का संकट कैसे पैदा होगा!

मम्मी कहती हैं कि अच्छी सरकार वही होती है जिसमें लोगों का वजन बढ़े। अगर प्रति वर्ष दो किलो की दर से वजन घटता रहा तो सोचिए 2050 तक आपका वजन कितना रह जाएगा! सरकार तुम्हें तीन कंधों के लायक बना रही है।

तो तुम क्या चाहते हो?

स्वतंत्रता ।

किससे आज़ादी? ।।। क्या मुझसे ?

रुको, मैं उनसे पूछकर बताऊँगा।

गंभीर मुद्दा

प्रियंका सौरभ

बढ़ते तलाक से सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा

पश्चिमी मीडिया और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय समाज की प्रेम और रिश्तों की धारणा को प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी पारंपरिक पारिवारिक अपेक्षाओं की तुलना में व्यक्तिगत खुशी और अनुकूलता को प्राथमिकता देने लगी है, जिसके कारण जब उनकी शादी में संतुष्टि नहीं मिलती है तो वे तलाक को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में मानने लगते हैं। जैसे भारत अधिक व्यक्तिवादी होता जा रहा है, लोग पारिवारिक और सामाजिक अपेक्षाओं पर व्यक्तिगत खुशी और स्वायत्तता को प्राथमिकता देने लगे हैं। पैसों पर असहमति और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं। असंगत पालन-पोषण शैलियों के मामलों में, कुछ जोड़े बच्चों के पालन-पोषण के लिए अधिक उपयुक्त वातावरण की तलाश में तलाक का विकल्प चुन रहें हैं। कार्य असाइनमेंट या उच्च शिक्षा के कारण अलगाव की विस्तारित अवधि विवाहों में तनाव पैदा कर रही है। ससुराल वालों के साथ संघर्ष विशेषकर संयुक्त परिवार में वैवाहिक तनाव को बढ़ावा देता है।

भारत में, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, उच्च तलाक दरों की बढ़ती प्रवृत्ति सामाजिक और शैक्षणिक रुचि का विषय बन गई है। तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति, पारंपरिक मानदंडों से हटकर, सामाजिक ताने-बाने में बदलाव का संकेत दे रहा है इसलिए इसके कारणों की गहन जांच की आवश्यकता है। शहरों में संयुक्त से एकल परिवारों में परिवर्तन के कारण विस्तारित परिवारों की संख्या कम हो गई है। हाल के वर्षों में, भारत में तलाक के मामलों में उल्लेखनीय और तीव्र वृद्धि देखी गई है, जो सामाजिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक मानदंडों में उल्लेखनीय बदलाव को दर्शाता है। परंपरागत रूप से, भारत पारिवारिक मूल्यों और विवाह की पवित्रता पर ज़ोर देने के लिए जाना जाता है। हालाँकि, कई कारकों ने बदलती गतिशीलता में योगदान दिया है, जिससे देश भर में तलाक की दर में वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में पारिवारिक संरचनाओं में उल्लेखनीय बदलाव आया है। समाजशास्त्रीय अध्ययनों ने शहरी भारतीय परिवारों में बढ़ते व्यक्तिवाद पर तेजी से ध्यान केंद्रित किया है। पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव, वैश्वीकरण और मीडिया की पहुँच ने शहरी भारतीयों को विवाह और तलाक पर विभिन्न दृष्टिकोणों से परिचित कराया है। गौरतलब है कि पश्चिमी मीडिया और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय समाज की प्रेम और रिश्तों की धारणा को प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी पारंपरिक पारिवारिक अपेक्षाओं की तुलना में व्यक्तिगत खुशी और अनुकूलता को प्राथमिकता देने लगी है, जिसके कारण जब उनकी शादी में संतुष्टि नहीं मिलती है तो वे तलाक को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में मानने लगते हैं। भारत अधिक व्यक्तिवादी होता जा रहा है, लोग पारिवारिक और सामाजिक अपेक्षाओं पर व्यक्तिगत खुशी और स्वायत्तता को प्राथमिकता देने लगे हैं। पैसों पर असहमति और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं। असंगत पालन-पोषण शैलियों के मामलों में, कुछ जोड़े बच्चों के पालन-पोषण के लिए अधिक उपयुक्त वातावरण की तलाश में तलाक का विकल्प चुन रहें हैं। कार्य असाइनमेंट या उच्च शिक्षा के कारण अलगाव की विस्तारित अवधि विवाहों में तनाव पैदा कर रही है। ससुराल वालों के साथ संघर्ष विशेषकर संयुक्त परिवार में वैवाहिक तनाव को बढ़ावा देता है।

सोशल मीडिया और डेटिंग ऐप्स ने शहरी भारत में संबंधों की गतिशीलता को बदल दिया है। सोशल मीडिया और प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग से पति-पत्नी के बीच विश्वास संबंधी समस्याएं, ईर्ष्या और गलतफहमियां पैदा हो रही हैं। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जिस तेजी से लोगों के बीच अंतरंगता बढ़ी है। उसी तेजी से सोशल मीडिया प्लेटफार्म विवाह विच्छेद और तलाक की वजह भी बन रहे हैं। स्थिति यह है कि महानगरों में डिवोर्स के हर 10 प्रकरण में से 4 की वजह सोशल मीडिया के कारण पति-पत्नी की अन्य लोगों से बढ़ी अंतरंगता और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर हैं। पति-पत्नी के बीच अप्रभावी संचार से गलतफहमियाँ, अनसुलझे झगड़े और भावनात्मक दूरियाँ पैदा हो सकती हैं, जो अंततः वैवाहिक टूटने का कारण बन सकती हैं। जनम-जनम के रिश्तों में दूरियां और कड़वाहट पैदा कर रहा सोशल मीडिया, रोक-टोक मियां और बीवी को मंजूर नहीं है। उच्च तनाव वाली शहरी जीवनशैली ने मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों में योगदान दिया है, जिससे वैवाहिक स्थिरता पूर्ण जीवन प्रभावित हुआ है। इंडियन साइकाइट्री सोसाइटी सहित अन्य अध्ययनों से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में पहले की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पारिवारिक गतिशीलता को प्रभावित कर रही है।

पति-पत्नी के बीच अप्रभावी संचार से गलतफहमियाँ, अनसुलझे झगड़े और भावनात्मक दूरियाँ पैदा हो रही हैं, जो अंततः वैवाहिक टूटने का कारण बन रही हैं। शराब जैसे मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती समस्या घरेलू हिंसा और विवाहों में अस्थिरता को जन्म दे रही है। कैरियर की अलग-अलग आकांक्षाएं और नौकरी में स्थानांतरण भागीदारों के बीच शारीरिक दूरी पैदा कर सकता है, जिससे रिश्ते में तनाव पैदा हो रहा है। अवसाद और चिंता जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे किसी व्यक्ति की स्वस्थ विवाह को बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित कर रहें हैं। विवाह के भीतर पारंपरिक लिंग भूमिकाएं और अपेक्षाएं असमानता और असंतोष का कारण बन रही हैं, खासकर जब एक साथी विशिष्ट जिम्मेदारियों से अधूरा या बोझ महसूस करता है। आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण के फलस्वरूप शहरों में अधिकांश महिलाएं करियर बना रही हैं, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता और विवाह के पश्चात असंतोषजनक जीवन से बाहर निकलने की प्रेरणा मिल रही है। भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि और शहरीकरण ने पारंपरिक पारिवारिक संरचना को बदल दिया है। जैसे-जैसे लोग बेहतर अवसरों के लिए शहरों की ओर पलायन करते हैं, उन्हें आधुनिक जीवनशैली के साथ तालमेल बिठाने में अक्सर नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे विवाह में तनाव आ सकता है। आर्थिक दबाव, नौकरी का तनाव और कार्य-जीवन संतुलन की कमी के कारण पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं। भारत के महानगरीय क्षेत्रों में तलाक की दरों में वृद्धि सांस्कृतिक, आर्थिक और कानूनी कारकों की एक जटिल परस्पर क्रिया को प्रदर्शित करती है। यह भारतीय समाज में एक संक्रमणकालीन चरण को दर्शाता है जहां व्यक्तिगत आकांक्षाओं को तेजी से मान्यता दी जा रही है। यह प्रवृत्ति, पारंपरिक मानदंडों को चुनौती देते हुए, सामाजिक विकास और समकालीन मूल्यों और व्यक्तिगत कल्याण के साथ विवाह के बेहतर तालमेल के रास्ते भी खोलती है। इस मुद्दे के लिए एक सूक्ष्म समझ और सहायक नीति ढांचे की आवश्यकता है जो आधुनिक रिश्तों की बदलती गतिशीलता को पूरा करे। भारत में तलाक के मामलों में भारी वृद्धि को सामाजिक आर्थिक परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण, बदलते दृष्टिकोण, कानूनी सुधार और सामाजिक कलंक में कमी के संयोजन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। जैसे-जैसे भारत विकसित हो रहा है, वैवाहिक संबंधों की गतिशीलता में और अधिक बदलाव आने की संभावना है। जोड़ों को उनके मुद्दों का समाधान करने और जब भी संभव हो तलाक के विकल्प तलाशने में मदद करने के लिए सहायता प्रणाली और परामर्श सेवाएं प्रदान करना समाज के लिए आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, अंतर्निहित सांस्कृतिक मानदंडों को संबोधित करने और लैंगिक समानता में सुधार करने के प्रयास भविष्य में स्वस्थ और अधिक टिकाऊ विवाहों में योगदान दे सकते हैं।

महादेव के प्रकोप के बीच महाकाल की शरण में बड़े कांग्रेस नेता

जगदलपुर, 23 नवंबर । छत्तीसगढ़ में लंबे अरसे से 'महादेव' का प्रकोप छाया हुआ है। इस प्रकोप की जद में कांग्रेस के कई बड़े नेता भी आ गए हैं और इसकी तपन मु यमंत्री भूपेश बघेल तक भी पहुंचने लगी है। 'महादेव' के इस प्रकोप के बीच छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज नेता महाकाल की शरण में पहुंच गए हैं और 'शांति' के लिए अनुष्ठान कर रहे हैं। रा'य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के लोग इस मुद्दे पर चटखारे ले लेकर किस्सागोई करने में लग गए हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य में सियासी तूफान लाने वाला यह प्रकोप असल महादेव ने नहीं, बल्कि महादेव ऑनलाइन सट्टा एप ने फैलाया है। महादेव एप की आड़ में इंफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) की टीम चुन चुनकर कांग्रेस नेताओं को निशाना बना रही है। ईडी की कार्रवाई की जद में कांग्रेस के कई बड़े नेता, कुछ आईपीएस अफसर, एक सिपाही व जनप्रतिनिधि आ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, असम के मु यमंत्री हिमंता विश्वशर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मु यमंत्री डॉ. रमनसिंह समेत भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने महादेव एप को बड़ा मुद्दा बनाने में जरा भी देरी नहीं की। हालिया निपटे छत्तीसगढ़ विधानसभा के दो चरणों के चुनावों की जंग में भाजपा ने महादेव एप वाले मुद्दे को सियासी हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तो सीधे तौर पर छत्तीसगढ़ के मु यमंत्री भूपेश बघेल पर भी उंगली उठा दी। प्रधानमंत्री कई चुनावी सभाओं में बोलते रहे कि छत्तीसगढ़ के मु यमंत्री और उनके साथियों ने रकम उगाही के लिए महादेव के नाम को भी नहीं ब शा। प्रधानमंत्री का इशारा भगवान महादेव की ओर था, जबकि ऑनलाइन सट्टे का कारोबार करने वालों ने अपने सट्टा एप का नाम महादेव एप रखा है। ठीक उसी तरह जिस तरह किसी घर में नवजात ब'चे का नामकरण गणेश, लंबोदर, रामचंद्र, सीताराम, विष्णु, ब्र हा, रामलाल, पुरुषोत्तम, शंकर, महादेव, नीलकंठ, महेश, भोला, पशुपति, सीता, लक्ष्मी, पार्वती, सरस्वती, दुर्गा आदि देवी देवताओं के नाम पर किया जाता है। यह भारत देश की प्राचीन परंपरा भी है। इसके पीछे मान्यता यह है कि देवी देवताओं के नाम पर नामकरण से संबंधित व्यक्ति या संस्थान खूब उन्नति करता है और विघ्न बाधाओं से सुरक्षित रहता है। ये अलग बात है कि ऑनलाइन सट्टा एप का नाम महादेव रखने पर भी इस एप के कर्ताधर्ता ईडी की वक्रदृष्टि ने बच नहीं पाए। महादेव एप का असल संचालक सौरभ चंद्राकर अभी भी ईडी की पहुंच से दूर दुबई में मौज मस्ती कर रहा है। चूंकि चंद्राकर और बघेल एक ही सामाजिक बिरादरी कुर्मी समुदाय के हैं, इसलिए भाजपा ने सौरभ चंद्राकर के काले कारोबार में बघेल को भी लपेटने की कोशिश की है। ठीक उसी तरह जैसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरनेम वालों पर सवाल उठाया था। उस दौरान भाजपा शासित कई प्रदेशों में राहुल गांधी के खिलाफ अनेक मुकदमे दर्ज करवा दिए गए थे। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि क्या पिछड़ा वर्ग के लोग भी भाजपा नेताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने आगे आएंगे? विधानसभा चुनावों में महादेव एप की आड़ लेकर कांग्रेस और भूपेश बघेल को बड़ी राजनैतिक क्षति पहुंचाने की कोशिश की गई। रा'य के मतदाताओं ने सोच समझकर और उ'च विवेक से काम लिया। प्रदेश सरकार के कामकाज का मूल्यांकन करते हुए मतदान किया है। × दिसंबर की शाम तक दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

तीन बड़े नेता देवों की शरण में

महादेव एप को लेकर छत्तीसगढ़ में मचे सियासी तूफान और ईडी की छापेमारी के बीच रा'य के तीन बड़े नेता महाकाल की शरण में पहुंच गए। ये नेता हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दीपक बैज, निवर्तमान आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा तथा बस्तर विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल। सबसे पहले कवासी लखमा अपनी धर्मपत्नी के साथ उ'जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने महाकाल की पूजा अर्चना की। उनके बाद पीसीसी चीफ और सांसद दीपक बैज अपनी अर्धांगिनी पूनम बैज एवं पुत्र सूर्यांश के साथ महाकाल लोक पहुंचे और वहां 'योतिर्लिंग की पूजा आराधना की। फिर बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल भी उ'जयनी नगरी जा धमके। श्री बघेल ने भी वहां देवपूजन किया। इन तीनों नेताओं ने भगवान महाकाल से छत्तीसगढ़ की तरक्की, खुशहाली, सुख शांति के लिए प्रार्थना की। कवासी लखमा महाकाल के दर्शन पूजन के बाद मध्यप्रदेश के ही ओंकारेश्वर धाम भी गए।

निकाले जा रहे सियासी मायने

प्रदेश कांग्रेस प्रमुख व सांसद दीपक बैज, मंत्री कवासी लखमा व निवर्तमान विधायक लखेश्वर बघेल की इस पवित्र तीर्थयात्रा के भी अब सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। भाजपा के कुछ नेता इस देव आराधना को राजनीतिक रंग देने की कोशिश में लग गए हैं। वे प्रचारित कर रहे हैं कि बस्तर के तीनों नेता कांग्रेस का पाप धोने के लिए तीर्थयात्रा पर गए हैं। देवों के देव महादेव के रूप में जग प्रसिद्ध भगवान भोलेनाथ हर संकट को हर लेते हैं। उनके 'योतिर्लिंग के दर्शन पूजन से जीवन में सुख समृद्धि आती है, मन को शांति मिलती है। भाजपा के नेता कहते फिर रहे हैं कि महादेव एप के पाप से अपनी पार्टी और अपने नेता को मुक्ति दिलाने के लिए बस्तर के तीनों बड़े नेता देवाधि देव महादेव की शरण में पहुंचे हैं। भाजपाइयों के इस दुष्प्रचार को बस्तर के आदिवासी भलिभांति समझ रहे हैं। आदिवासी भगवान शंकर के उपासक होते हैं। वे भोलेनाथ का पूजन बड़ा देव और बूढ़ादेव के रूप में करते हैं। दीपक बैज, कवासी लखमा और लखेश्वर बघेल भी आदिवासी हैं। वे अपने आराध्य की आराधना करने गए हैं।

चुनावी झंझावातों से सुकून के लिए

विधानसभा चुनावों में दीपक बैज बस्तर जिले की चित्रकोट सीट से, कवासी लखमा सुकमा जिले की कोंटा सीट से और लखेश्वर बघेल बस्तर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे हैं। तीनों ही नेता बीते दो ढाई माह से चुनावी झंझावातों में उलझे रहे हैं। इस दौरान उनका चैन से खाना पीना, उठना बैठना, सोना सब हराम हो गया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते दीपक बैज की चुनावी व्यस्तता कुछ 'यादा ही रही। लिहाजा चुनाव के चक्कर में इन नेताओं में मानसिक और शारीरिक थकान आना लाजिमी है। इन नेताओं के करीबी सूत्र बताते हैं कि चुनावी झंझावातों से मुक्त होने के बाद फुरसत मिलते ही आदिवासी नेता दीपक बैज, कवासी लखमा और लखेश्वर बघेल अपने इष्टदेव भोले भंडारी के दर्शन के लिए निकले हैं। महादेव एप से उनके महाकाल दर्शन का कोई कनेक्शन नहीं है। वे तो बस्तर और छत्तीसगढ़ में सुख शांति की स्थापना की कामना के साथ तीर्थयात्रा पर निकले हैं। जल्द लौटकर तीनों नेता अपने रूटीन के कामकाज में फिर लग जाएंगे।

एक नजर

नक्सलियों ने बैनर लगाकर जनप्रदालत में ग्रामीण की हत्या करने का खुलासा किया

कांकेर, 22 नवंबर । जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतंगत ग्राम गोमे में आज मंगलवार को नक्सलियों के राबघाट एरिया कमेटी ने बैनर लगाकर जनअदालत लगाकर एक ग्रामीण अमर सिंह उइका की हत्या करने का खुलासा किया है। नक्सलियों ने ग्रामीण पर डीआरजी के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए, जारी बैनर में लिखा है कि अमर सिंह उइका ने डीआरजी को हमारे साथियों के बारे में सूचना दी, जिसकी वजह से दो नक्सली साथी मारे गए थे। कांकेर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने नक्सली बैनर में एक ग्रामीण की हत्या करने को लेकर उन्होने कहा कि सूचना मिली है, जांच की जा रही है।

उल्लेखनिय है कि बस्तर संभाग में विधानसभा चुनाव के पहले चरण से ही नक्सली सक्रियता दिखने लगी थी, विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों के बाद भी नक्सली किसी ना किसी घटना को अंजाम दे रहे हैं। यहां बढ़ती नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जवान लगातार जंगलों की खाक छान रहे है। सोमवार को भी नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोयलीबेड़ा के अलग-अलग जगह 05 आईईडी जिसमें 03 पाइप बम व 02 कुकर बम लगाये थे, जिसे सर्चिंग के दौरान जवानों ने सर्तकता के साथ बरामद कर सभी आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया है।

गोपाल विट्टल ने ग्राहकों से ई-सिम्स अपनाने का आग्रह किया

नई दिल्ली, 23 नवंबर। भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज एक कस्टमर लैटर में एम्बेडेड सिम (ई-सिम) के साथ मोबाइल टेक्नोलॉजी में प्रगति पर जोर दिया और एयरटेल यूजर्स को ई-सिम्स पर शिफ्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया। भारती एयरटेल ने ई-सिम अपग्रेड प्रक्रिया को एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से सुव्यवस्थित किया है, जिससे सामान्य सिम से ई-सिम पर शिफ्ट होना आसान हो गया है।ई-सिम किसी के भी सामान्य सिम कार्ड का एक ऑनलाइन विस्तार है, जो किसी के फोन पर भौतिक रूप से सिम कार्ड की एक्सेस की आवश्यकता को समाप्त करता है। आज की डिजिटल फर्स्ट जीवनशैली में और स्मार्ट वियरेबल्स, स्मार्टफोन आदि के ई-सिम एनेबल्ड नए मॉडलों की बढ़ती पहुंच के साथ सामान्य सिम से ई-सिम पर शिफ्ट होना कई डिवाइसेज के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान कर सकता है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कांकेर, 23 नवंबर । जिले के पखांजुर थाना क्षेत्र अंतंगत डोटोमेटा मार्ग पर अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक महेंद्र नेताम पिता बुधराम नेताम पिव्ही नंबर 41 में संचालित भूत मेला देखकर अपने मोटरसाइकिल से अपने घर डोटोमेटा जा रहा था। दुर्घटना की सूचना पर पखांजुर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल युवक को पखांजुर सिविल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। आज बुधवार को शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पखांजुर पुलिस अज्ञात वाहन की पतासाजी कर रही है।

घर से कुछ दूरी पर युवती का मिला शव, गला घोंटकर हत्या की आशंका

दंतेवाड़ा, 23 नवंबर । जिले के बारसूर थाना क्षेत्र अंतंगत जोड़ातरई गांव की निवासी एक युवती का शव घर से कुछ ही मीटर की दूरी पर मिला है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया युवती का गला घोंटकर हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त की है। बारसूर थाना प्रभारी राजेश चांद ने युवती का नाम उजागर करने से मना करते हुए बताया कि मामला संवेदनशील होने के कारण मृतिका का नाम नहीं बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवती जोड़ातरई गांव के बांधीपारा की रहने वाली थी। अपने घर वालों के साथ गांव में एक पारंपरिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। बीते रातभर कार्यक्रम के बाद आज बुधवार अल सुबह करीब 03-04 बजे के बीच वह अकेली घर लौट रही थी। इसी बीच घर से कुछ ही मीटर की दूरी पर अंधेरा का फायदा उठाकर अज्ञात लोगों ने उसकी हत्या कर दी। सुबह जब उसी पारंपरिक कार्यक्रम से ग्रामीण अपने-अपने घर लौट रहे थे, तो उन्होंने शव देखा। जिसकी जानकारी फौरन बारसूर थाना पुलिस को दी गई। जिन्होंने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

बारसूर थाना प्रभारी राजेश चांद ने बताया कि शुरुआती जांच में गला घोंटकर हत्या करना लग रहा है, शरीर पर चोट के भी निशान हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वारदात कैसे हुई, इस बात की जानकारी मिल पाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस इनके परिजनों समेत गांव वालों से भी पूछताछ कर रही है, जल्द ही वारदात में शामिल लोगों को पकड़ लिया जाएगा।

आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर को

दंतेवाड़ा, 23 नवंबर । आगामी नेशनल लोक अदालत 9 दिसंबर की तिथि को परिवर्तित करते हुए अब उक्त लोक अदालत 16 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा।

मोतियाबिंद मुक्त बस्तर के लिए 30 नवंबर से सघन सर्वे अभियान

जगदलपुर 23 नवम्बर । हर जरूरतमंद व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले यह शासन-प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य रहा है, इसी के तहत बस्तर जिले में नेत्र से संबंधित बीमारी मोतियाबिंद से जिले को निजात दिलाने के लिए 23 नवंबर से पुनः सघन सर्वे अभियान चलाया जा रहा है।कलेक्टर विजय दयाराम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बस्तर जिले को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बनाने हेतु विशेष प्रयास करने के साथ-साथ नेत्र चिकित्सा के लिए विशेष अस्पताल अंबक की सुविधाएं मरीजों को जरूरत के अनुसार मिलने हेतु निर्देशित किया है।

कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व में किये गए सघन सर्वे अभियान की तरह पुनः 23 नवम्बर से 30 नवम्बर से सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यकत्ताओं एवं मितानिनों को सघन सर्वे अभियान प्रारंभ कर नियमित रिपोर्टिंग करने के साथ ही संभावित मरीजों का सत्यापन कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल डिमरापाल एवं जिला महारानी अस्पताल में स्थित अंबक अस्पताल में आपरेशन करवाने के लिए निर्देश दिये गए हैं। ऑपरेशन के लिए मरीजों को लाने एवं घर तक पहुंचाने हेतु आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।जिले में 23 से 30 नवम्बर 2023 तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के द्वारा सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान एवं आयुष्मान कार्ड बनाने से छूटे हुए व्यक्तियों का सर्वे किया जाना है। गांवों में सर्वे कार्य हेतु पंचायत सचिवों से भी समन्वय किया जाएगा। सर्वेक्षण के दौरान आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।सर्वेक्षण कार्य का सफल क्रियान्वयन एवं सम्पूर्ण निगरानी खण्ड चिकित्सा अधिकारी व विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक तथा शहरी क्षेत्र में शहरी कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा किया जाएगा।प्रशासन द्वारा इस सर्वे से पहले माह मई में भी विशेष सर्वे अभियान किया गया था।

जिसके तहत सातों विकासखंडों से 2859 मोतियाबिंद मरीजों का चिन्हांकन किया गया। जिसमें मई से नवम्बर माह तक विकासखंड बस्तर से 298, बकावंड से 255, बास्तानार से 247, जगदलपुर से 382, लोहंडीगुड़ा से 230, तोकापाल से 230 और दरभा से 117 मरीजों को उपचार उपरांत स्वास्थ्य लाभ हुआ।

नक्सलियों के लगाये गये 10 किलो के चार आईईडी बरामद

दंतेवाड़ा, 23 नवंबर । जिले के लोहा गांव पहाड़ी धोबी घाट के 11 सी माइनिंग के पास नक्सलियों द्वारा लगाये गये चार सीरियल कमांड आईईडी को दंतेवाड़ा बीडीएस और सीआईएसएफ किरंदुल की टीम सुरक्षित तरीके से बरामद कर मौके पर ही निष्किय कर एक बार फिर से नक्सलियों के बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले ही नाकामयाब कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में चलाये जा रहे नक्सली उन्मूलन अभियान के तहत आज बुधवार सुबह सीआईएसएफ के जवान इलाके में गश्त के लिए निकली थी। इसी दौरान धोबी घाट के 11 सी माइनिंग जाने वाले तिराहा के आगे लोहा गांव जाने वाले रास्ते में सीआईएसएफ के जवानों को वायर जमीन से उपर निकला दिखाई दिया। पहाड़ी पर नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से चार सीरियल आईईडी लगा रखा था। इस पर सीआईएसएफ एवं बीडीएस दंतेवाड़ा की टीम के द्वारा मौके से पांच किलो का एक, दो किलो के दो और एक किलो का एक कुल 10 किलो का कमांड आईईडी बरामद कर मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्किय कर दिया गया है।

धान खरीदी और भुगतान प्रक्रिया की गंभीरता से जांच करें :कलेक्टर

दंतेवाड़ा, 23 नवंबर । कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी और भुगतान के संबंध में बैठक ली। इस बैठक में सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू, तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार, नायब तहसीलदार रूपाली मेश्राम, अपेक्स बैंक और खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सहकारी प्राथमिक समितियों में किसानों द्वारा किए गए ।

प्रेशर आईईडी विस्फोट से ग्रामीण के पैर के चिथड़े उड़े

बीजापुर, 23 नवंबर । जिले के नक्सल प्रभावित पामेड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ोसी राज्य तेलांगाना सीमा पर स्थित ग्राम धर्मारम में प्रेशर आईईडी के विस्फोट से ग्रामीण चंद्रीय सपका का एक पैर के चिथड़े उड़ गए हैं, जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया है। उपचार के लिए उसे तेलंगाना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए किये गये प्रेशर आईईडी से आम ग्रामीण समय-समय पर इसका शिकार होते रहे हैं। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने इसकी पुष्टि है।प्राप्त जानकारी के अनुसार गंभीर रूप घायल ग्रामीण चंद्रीय सपका निवासी धर्मारम स्कूलपारा आज बुधवार सुबह 06 बजे मछली पकड़ने के लिए चिंतावागु नदी जाने के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी में उसका एक पैर पड़ जाने से हुए विस्फोट से उसके घुटने के निचले हिस्से से पैर तक की मांस-पेशियों के चिथड़े उड़ गये। सीआरपीएफ 151वीं बटालियन के जवानों ने घायल ग्रामीण को सीमावर्ती तेलंगाना स्थित भद्राचलम के अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार जारी है, ग्रामीण का दाहिना पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।

युवक पर जानलेवा हमला,9 लोग गिरफ्तार

भिलाई, 23 नवंबर। भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना से कुछ दूर उतई टेंपो स्टैंड चौक पर दिनदहाड़े लोहे की रॉड, डंडा, पेचकस से सुबक पर ताबड़तोड़ हमला कर अधमरा करने वाले नाबालिग समेत 9 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लोहे की रॉड, पेचकस, कैंची, बांस का डंडा व तीन बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इधर पाल की हालत नाजुक बताई जा रही है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 12 बजे उतई टेंपो चौक दुर्ग की है। डिपरापारा मोची बाइक से उतरे और गौतम कन्नोजिया को घेर लिया उस पर मोहल्ला निवासी गौतम कनौजिया (21 वर्ष) चौक पर साड़ा था। उसी समय इंदिरा नगर निवासी बदमाश गणेश उड़िया, भूपेन्द्र उड़िया, निक्कू और एक नाबालिग सहित 1 युक्त औजार से लैस होकर चौक पर पहुंचे पेकस और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर सड़क पर गिरा दिया। इसके बाद गणेश उड़िया ने लोहे की रॉड से प्राणघातक हमला कर अधमरा कर दिया और सभी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर रातों रात नाच्लिग समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। बदमाश इतना बेखौफ कैसे सवाल उठता है कि बदमाशों को पुलिस तक का भय नहीं है। आखिर इतना साहस कहां से आ रहा है खुलेआम चौराहे पर इस तरह अपराधिक घटना को अंजाम दे रहे हैं बदमाश गौतम ने पूरी घटना का बनवाया वीडियो दुर्ग टेंपो चौक पर दिनदहाड़े हुई इस घटना से लोगों में दहशत फैल गई। आरोपी गौतम उड़िया का दुस्साहस इतना कि पूरा घटना का व्हेडियो भी बनवाया और वायरल किया। वायरल वीडियो में आरोपी बेखौफ घोल रहा है कि यह गुंडा बन रहा है। इसका वीडियो बनाओ। उस पर दनानादन रॉड से प्रहार करते रहा। चौक पर लोगों के वाहनों के पहिया धम गए, लेकिन बीच बचाव करने के लिए कोई नहीं आया पुराने विवाद को कोर्ट में सुलझाने बनाता था दबाव टीआई ध्रुव ने बताया कि गौतम कौजिया ब्राउन शुगर और नशीली सिरप की तस्करी करता है। वह भी बदमाश किस्म का है। 6 महीने पहले गणेश उड़िया पर चाकू से हमला किया था। आरोपी गणेश कोर्ट के मामले को सुलझाने के लिए गौतम पर दवाव बना रहा था। इसी बात पर उनको रंजिश चल रही थी। बदले की भावना से गणेश ने संगठित होकर वारदात को अंजाम दिया

महिलाओं में पनप रहा आक्रोश

सायलेंसर निकालकर चला रहे दुपहिया वाहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 23 नवंबर। हर दिन सडक दुर्घटना घटित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन नौसिखिये वाहन चालको पर लगाम नही लगा पा रही,इन दिनो शहर मे दुपहिया वाहन चालको के कारण महिलाओ मे सबसे अधिक आक्रोश देखने को मिल रहा है। दुपहिया वाहन चालक अपनी स्टाईलिस वाहनो के सायलेंसर निकालकर तेज ध्वनि से वाहन दौडा रहे है,उसके बाद भी उन्हे रोकने टोकने वाला कोई नही है। प्रशासन की इस बेरूखी से स्कूली बच्चो के अलावा महिलाओ मे काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है,हर दिन दुपहिया वाहन चालको की लापरवाही से किसी न किसी बेगुनाह को मौत के मुंह मे समाना पड रहा है। 24 घंटे भी व्यतीत नही हुये है जब कोतबा के एक शिक्षक को नसेडी वाहन चालक की गलती का खामियाजा अपनी जान देकर चुकाना पडा। शहर मे एक दर्जन से भी अधिक युवको द्वारा अपनी दुपहिया वाहन का सायलेंसर निकालकर फर्राटे से वाहन दौडायी जा रही है,इन वाहनो से निकलने वाली तेज ध्वनि के कारण महिलाओ को काफी परेशानी उठानी पड रही है। राहगीर महिलायें अक्सर ऐसी भयंकर ध्वनि से विचलित होकर अपनी वाहन से लडखडा जाती है,जिसके कारण कई बार छिटपुट हादसे भी घटित हो रहे है,यहा के इंदिरा चौक के करीब यातायात प्रभारी के अलावा एक दर्जन से भी अधिक जवान हर समय तैनात रहते है,उनकी मौजुदगी मे ही शरारती युवको द्वारा अपनी वाहन से तेज ध्वनि निकालकर फर्राटे से दुपहिया वाहन दौडायी जा रही है,परंतु उनपर कार्यवाही तो दूर उन्हे समझाईश देना भी पुलिस प्रशासन जरूरी नही समझती,यही कारण है कि इन दिनो दुपहिया वाहनो का शहर के एक बडे वर्ग पर विपरीत असर पड रहा है,यदि जल्द ही सायलेंसर निकालकर वाहन दौडाने वाले चालको पर कार्यवाही नही होती है तो महिला एवं स्कूली बच्चो द्वारा थाना का घेराव करने के संकेत मिल रहे है।

ऐसे वाहन चालको पर नजर रखी जा रही है,जल्द ही चालानी कार्यवाही की जायेगी।

जे.आर.कुर्रे-यातायात प्रभारी-पत्थलगांव

26 को संविधान दिवस मनाये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

रायगढ़, 23 नवंबर)। भारत सरकार द्वारा डॉ.बी.आर.अ बेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 26 नव बर को संविधान दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ.अ बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा में अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया है। 26 नवंबर संविधान दिवस मनाए जाने हेतु भारत सरकार, संसदीय कार्य मंत्रालय के द्वारा वेब पोर्टल का निर्माण किया गया है। जिसके तहत भारत के संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका)के ऑनलाईन पाठन हेतु वेबसाईट तथा भारत-लोकतंत्र की जननी विषय पर ऑनलाइन क्वीज हेतु है। यह वेब पोर्टल 26 नवंबर 2023 को उपलब्ध रहेगा ।

स्टार्टअप कंपनी में निवेश के नाम पर महिला से एक करोड़ रुपए की ठगी

रायगढ़, 23 नवंबर । जूट मिल इलाके में रहने वाली एक महिला को एक व्यक्ति ने स्टार्टअप कंपनी में निवेश कराने के नाम पर 1 करोड़ रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने महिला से कौशल विकास योजना का सेंटर खोलने के नाम पर कंपनी में निवेश करवाा था लेकिन कंपनी चिटफंड की निकली और निवेश के बाद कंपनी के डायरेक्टर ने फोन उठाना भी बंद कर दिया। महिला ने जूट मिल थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

मिली कबीर चौक के राधिका रेसिडेंसी में रहने वाली महिला का मार्च 2022 में रायपुर में दीप सिहाग नामक युवक से परिचय हुआ था। युवक ने बताया कि उसकी तक्षशिला हाइट्स गुड़गांव में जीएआईटीएमसी नाम की स्टार्टअप कंपनी है और उसने देश के अलग-अलग कोनों में कंपनी की फ्रेंचाइजी दी है। कंपनी कौशल विकास योजना के तहत काम करती है। महिला युवक के झांसे में आ गई और उसने दो किश्तों में 50-50 लाख का चेक दे दिया। इसके कुछ दिनों बाद महिला उससे रुपए के बारे में पूछती रही तो युवक ने उसे रकम निवेश किए जाने और चौतरफा मुनाफे का झांसा देता रहा। साल भर बाद भी जब महिला को एक पैसे नहीं मिले और उसने पैसे की मांग की तो युवक महिला को धमकी देने लगा। जिसके बाद महिला को ठगे जाने का अहसास हुआ और महिला ने जूट मिल थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने धोखाधडी का मामला दर्ज जांच की बात कह रही है।

एक नजर

जिले में 26594 किसानों से 11.75 लाख क्विंटल धान की खरीदी

महासमुंद,23 नवंबर। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले के धान खरीदी केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रगति पर है। जिले के 182 उपार्जन केंद्रों में धान उपार्जन के लिए जिले के एक लाख 58 हजार 739 किसान पंजीकृत है, जिनका पंजीकृत रकबा 02 लाख 28 हजार 614.5506 हेक्टेयर है। तहसीलवार पंजीकृत कृषकों की संख्या कोमाखान में 18 हजार 255, पिथौरा में 32 हजार 863, बसना में 27 हजार 961, बागबाहरा में 15 हजार 666, महासमुंद में 36 हजार 901 एवं सरायपाली तहसील में 27 हजार 93 है। नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि बुधवार तक जिले में 26 हजार 594 किसानों से 11 लाख 75 हजार 521 क्विंटल धान राशि 256 करोड़ 82 लाख का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों द्वारा विक्रय की गई राशि उनके बचत खाते में 3 दिवस में भुगतान किया जा रहा है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति आवेदन का सत्यापन आधार ओटीपी के माध्यम से होगा

महासमुंद,23 नवंबर। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए संचालित पोर्टल में हुए आवश्यक संशोधन के तहत छात्रवृत्ति के आवेदनों का सत्यापन आधार से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से होगा।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वर्ष 2021-22 से आधार आधारित आवेदन पोर्टल पर विद्यार्थियों से लिया जा रहा है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2023-24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए विद्यार्थियों द्वारा आवेदन करते समय आधार नंबर से पंजीकृत मोबाइल नंबर की प्रविष्टि करना आवश्यक है। उक्त पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी पोर्टल दर्ज करने के बाद ही विद्यार्थियों के आवेदन लॉक हो सकेगा तथा आवेदन स्वीकार होंगे। सहायक आयुक्त ने सभी शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य को अपने संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को सूचित करने कहा है। यदि कोई विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रहता है, तो संपूर्ण जिम्मेदारी संस्था प्रमुख की होगी।

खेतों में पराली जलाने पर लग सकता है जुर्माना

धमतरी, 23 नवंबर। खरीफ धान फसल की कटाई पूरी होने को है। धान फसल कटाई के बाद खेत में बचे अवशेषों को जलाने की घटनाएं घटित होती रहती है, जिससे वातावरण में जहरीली गैस जैसे-गीथेन, कार्बनमोनोऑक्साईड, नाइट्रॉक्साईड के फैलने से प्रदूषण होता है, जो मानव जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए हानिकारक है। साथ ही फसल अवशेष जलाने से मृदा में उपलब्ध सूक्ष्म जीव के नष्ट हो जाने से मृदा की उर्वरता क्षमता कम हो जाती है और मित्र जीव जैसे-केंचुए, मकड़ी इत्यादि भी नष्ट हो जाते है। उप संचालक कृषि ने बताया कि फसल अवशेष जलाने संबंधी प्रकरण शासन के संज्ञान में आता है, तो अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 2 एकड़ कृषि भूमि धारक किसानों पर 2 हजार 500 रूपये, 2 से 5 एकड़ तक भूमिधारक किसानों पर 5 हजार रूपये जुर्माना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमिधारक किसानों पर 15 हजार रूपये जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है। उप संचालक ने किसानों से कहा है कि वे फसल अवशेष को नहीं जलायें, बल्कि उचित प्रबंधन करें। इसके लिए उन्होंने सुझाव भी दिया है।जारी सुझाव अनुसार फसल कटाई के बाद खेत में पड़े हुए फसल अवशेष के साथ ही जुताई कर हल्की सिचाई पानी का छिडकाव करने के बाद ट्राइकोडर्मा का छिडकाव करने से फसल कटाई के उपरांत खेत में पड़े हुए अवशेष के साथ ही गहरी जुताई कर पानी भरने से फसल अवशेष खाद में परिवर्तित हो जाते है, जिससे अगली फसल के लिये मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्व प्राप्त होंगे। भूमि को फसल अवशेष से प्राप्त होने वाले कार्बनिक तत्व जो कि मृदा में मिलकर खाद के रूप में परिवर्तित होकर फसलों को मिलती है, जिससे मृदा संगठन एवं संरचना में सुधार के साथ ही भूमि की जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है।

शासकीय प्राथमिक शाला बसंतपुर में बाल मेला के साथ स्पर्धाएं भी

राजनांदगांव। प्राथमिक शाला बसंतपुर में शाला स्तरीय बालकीड़ा प्रतियोगिता, बालमेला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमे सभी बच्चो द्वारा प्रत्येक गतिविधियों पर भाग लिया गया। जहा प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चो को कंपासस बॉक्स,पहाड़ा, पेंसिल,कलर बॉक्स ईनाम देकर बच्चों का सम्मान किया गया। अतिथि आदरणीय श्री सुबोध श्रीवास्तव सर (सेवानिवृत्त शिक्षक), पाण्डे सर,पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर ,तिलक सिन्हा प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन आगेश्वर साहू शिक्षक प्राथमिक शाला बसंतपुर द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती लता नाग, द्रोणकुमार साहू, जीवनलाल तारम ,श्रीमती रामेश्वरी साहू आदि का विशेष सहयोग रहा।

देवउठनी एकादशी के साथ मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी घर-घर में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 23 नवंबर। पांच माह का लंबा समय बीतने के बाद अब भगवान विष्णु अपनी निद्रा से जाग जायेंगे,जिसके साथ ही मांगलिक कार्यो पर लगा ब्रेक अब हट जायेगा। विद्वान पंडितो के अनुसार पांच माह के इस अंतराल मे ब्रम्हांड की कमान भगवान शिव के हाथ मे रहती है। बैकुंठ चतुदर्शी के साथ ही ब्रम्हांड की कमान भगवान विष्णु के हाथ मे हो जायेगी। हिंदु धर्म मे एकादशी के पर्व का काफी गहरा महत्व है,वैसे तो साल मे 24 एकादशी मनायी जाती है,परंतु देवउठनी एकादशी का महत्व कुछ अलग ही है। यहा के प्रमुख ज्योतिषाचार्य पं.आनंद शर्मा ने बताया कि देव उठनी एकादशी के रोज से समस्त मांगलिक कार्य शुरू हो जाते है,इस दिन मांगलिक कार्यो पर लगा ब्रेक स्वतः ही हट जाता है,श्रीहरि विष्णु के निद्रा से जागने के बाद मांगलिक कार्य भी शुरू कर दिये जाते है। उन्होने बताया कि इस वर्ष अधिकमास होने के कारण पांच महिने से मांगलिक कार्यो पर विराम लगा हुआ था। हरिशयन एकादशी के रोज शयन निद्रा मे गये विष्णु देव उठनी एकादशी के दिन निद्रा से जाग कर पृथ्वी के मांगलिक कार्यो को पूरा कराने लगेंगे। उन्होने बताया कि इस बार एकादशी तिथी 22 नवंबर की रात 11 बजकर 3 मिनट पर शुरू होगी,जिसकी समाप्ती 23 नवंबर को रात 9 बजकर 1 मिनट पर होगी। उन्होने पूजा करने का समय 23 नवंबर को सुबह 06 बजकर 50 मिनट से सुबह 08 बजकर 09 मिनट तक का बताया,उसके अलावा रात्रि काल मे शुभ मुहूर्त संध्याकालिन 05 बजकर 25 मिनट से रात 08 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। देवउठनी एकादशी का व्रत पारण 24 नवंबर दिन शुक्रवार को सुबह 06 बजकर 51 से सुबह ही 08 बजकर 57 मिनट तक कर अवश्य पूर्ण कर ले,उसके पश्चात द्वादशी तिथि रात 07 बजकर 06 मिनट पर समाप्त होगी।।

10 दिवसीय साहसिक शिविर के लिए विधि का चयन

महासमुंद। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना साहसिक शिविर 27 नवंबर 2023 से 6 दिसंबर 2023 तक पोंग डैम हिमाचल प्रदेश में आयोजित है, जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई से सहभागिता के लिए स्वयंसेवक विधि सोनी बीकॉम तृतीय वर्ष सम्मिलित होंगी।राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 10 दिवसीय साहसिक शिविर अटल बिहारी वाजपेई माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट पोंग डैम हिमाचल प्रदेश के साहसिक केंद्र में छत्तीसगढ़ राज्य के चिन्हित विश्वविद्यालय से 10 छात्र एवं 10 छात्रा एवं दो कार्यक्रम अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। उपरोक्त टीम में वल्लभाचार्य महाविद्यालय से विधि सोनी राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक पूरी टीम के साथ 24 नवंबर 2023 को रायपुर से हिमाचल प्रदेश के लिए प्रस्थान करेंगी।

शासकीय कॉलेज की छात्रा विधि सोनी के चयन होने पर प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए साहसिक शिविर में अपनी सहभागिता सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के लिए विशेष निर्देश दिया गया। महाविद्यालय परिवार से डॉ मालती तिवारी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई द्वारा बधाई प्रेषित करते हुए साहसिक शिविर से संबंधित क्रियाकलापों एवं सावधानियां से अवगत कराया गया और विभिन्न जानकारियां प्रदान किया गया। राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई द्वारा विधि सोनी की चयन होने की जानकारी प्रदान की गई एवं आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराया गया। महाविद्यालय परिवार से करुणा दुबे, डॉ रीता पांडेय, डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ रमाकांत अग्रवाल, सी खलको, डॉ दुर्गावती भारतीय, डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक, मनीराम धीवर, सीमा रानी प्रधान, प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, प्रियंका सोनवानी, मनबोध चौहान, मनीषा प्रधान, प्रियंका चक्रधारी, आशुतोष पुरी गोस्वामी, जगदीश सत्यम एवं मनोज शर्मा कार्यालय प्रमुख एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष जताया है। स्वयंसेवक विधि सोनी के साहसिक शिविर में चयन होने पर माता-पिता एवं परिवारजनों ने भी हर्ष जताया है।

कामधेनु लिमिटेड को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

रायपुर। ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में अपने स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करने के लिए व्यापार रणनीति की घोषणा की। इस रणनीति के अनुसार, कंपनी अगले एक वर्ष में राज्य में अपने स्ट्रक्चरल स्टील की वितरण क्षमता को 204000 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 348000 मीट्रिक टन करने की योजना बना रही है। कामधेनु ने गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को प्रमुख बना लिया है जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती मूल्य स्तर पर है।इसके अलावा, कंपनी राज्य में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को भी मजबूत करने की योजना बना रही है। कामधेनु ने अगले एक वर्ष में 100 और डीलर और वितरक जोड़ने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में, कंपनी के पास राज्य में संरचनात्मक इस्पात सेगमेंट के लिए लगभग 240 डीलर और वितरकों का नेटवर्क है।कंपनी की विस्तार नीति पर बोलते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक महोदय, श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ÷छत्तीसगढ़ कामधेनु लिमिटेड के विकास के लिए महत्वपूर्ण बाजार है। इस राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर और निर्माण उद्योग के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं।

श्याम का श्रृंगार के साथ केक काटकर मंदिर में मनाया जायेगा जन्म उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 23 नवंबर। श्याम मंदिर में कार्तिक एकादशी के अवसर पर आज दिन गुरूवार को खाटु के श्याम का भव्य श्रृंगार के साथ केक काटकर जन्म उत्सव मनाया जायेगा। श्याम सेवा समिती के सदस्यों ने इस उत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां कर रखी है। दोपहर 3 बजे के पश्चात यहा के अंबिकापुर रोड स्थित दुर्गा मंदिर से विशाल निशान यात्रा निकाली जायेगी,जो भव्य ध्वजो के साथ तीनो प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुये श्याम मंदिर पहुंचेगी। श्याम सेवा समिती द्वारा देव उठनी एकादशी के उपलक्ष्य मे खाटु के भगवान श्याम का जन्मउत्सव मनाने की पूरी तैयारियां कर रखी है। सुबह एवं दोपहर के धार्मिक आयोजनो के पश्चात भजन गायको की मंडली श्याम मंदिर मे कार्यक्रम प्रस्तुत करने पहुंच चुकी है। श्याम सेवा समिती के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल, सुशील अग्रवाल,सुनील अग्रवाल ने बताया कि श्याम जन्म उत्सव एवं देवउठनी एकादशी के मौके पर श्याम मंदिर परिसर मे श्याम भजनो की संध्या आयोजित की गयी है,जिसमे बुढार से अंबे गुप्ता,अंजलि गुप्ता एवं क्षेत्रिय कलाकार मे कोतबा से संदीप शर्मा द्वारा भजनो की प्रस्तुति देकर खाटु के बाबा श्याम के संगीतमय कार्यक्रम को भक्तिमय बनाने मे अपना सहयोग प्रदान करेंगे। दरअसल 10 अप्रैल 2022 को प्राचीन सत्यनारायण मंदिर परिसर मे भव्य श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी,उस दौरान से लगभग प्रत्येक माह श्याम मंदिर परिसर मे भक्ति से भरे धार्मिक आयोजनो की प्रस्तुति दी जा रही है। कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी के दिन श्याम भक्तो द्वारा खाटु के भगवान का यहा धूमधाम से जन्म उत्सव मनाया जा रहा है,इस उपलक्ष्य मे भगवान श्याम का अलौकिक श्रृंगार एवं निशान यात्रा पूरे शहर मे निकाली जायेगी।

संबलपुर तक चलेगी टिटलागढ़ पैसेंजर

बिलासपुर , 23 नवंबर । ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल अंतर्गत सरला-संबलपुर सेक्शन में ब्लाक लेकर अधोसंरचना से जुड़ा कार्य किया जाएगा। 21 से 26 नवंबर तक होने वाले काम के चलते 21, 22, 23, 25 एवं 26 नवंबर को टिटलागढ़ से चलने वाली 0826× टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल संबलपुर में समाप्त होगी। संबलपुर से ही 08264 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर स्पेशल बनकर टिटलागढ़ के लिए रवाना होगी। इसी तरह 0826×/08264 टिटलागढ़-बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर संबलपुर व रेंगाली के बीच रद रहेगी।सांची रेलवे स्टेशन में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का अस्थायी ठहरावसांची में चेतियागिरी विहार की 71वीं वर्षगांठ और अवशेषों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

ट्रक की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

पत्थलगांव, 23 नवंबर। सड़क हादसे में असमय ही एक युवक ने अपनी जान गंवा दी,जशपुर रोड के महुआटिकरा के समीप मंगलवार की देर रात एक सडक हादसे मे उसी मौहल्ले के रहने वाले संजय कुजूर पिता मंगल साय उम्र 39 वर्ष की मौत हो गयी। बताया जाता है कि युवक अपने किसी रिश्तेदार के यहा फूलेता गया हुआ था,वहा से वह देर रात अपने पैतृक निवास महुआटिकरा आने के लिए निकला था,महुआटिकरा पुरन तालाब के समीप मोड मे युवक को एक अज्ञात ट्रक ने अपनी चपेट मे ले लिया,जिससे युवक की बाईक क्षतिग्रस्त होकर घायल ने भी घटना स्थल पर ही दम तोड दिया। यह घटना रात 11 बजे की बतायी जा रही है,घटना के अब तक कोई चश्मदीद गवाह नही है। युवक को मृत हालत मे सडक किनारे पडे देखकर राहगीरो ने पुलिस को घटना के संबंध मे जानकारी दी थी,पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की सुक्ष्मता से जांच कर रही है,वही फरार ट्रक एवं उसके चालक की खोज सी.सी.टी.वी.कैमरे की मदद से की जा रही है। अब तक घटना को अंजाम देने वाली वाहन एवं उसके चालक का कोई सुराग नही लग पाया है। इधर युवक की सडक दुर्घटना मे मौत होने के बाद घर वाले बेहद सदमे मे है,उन्होने घटना का कारण नौसिखिये चालको द्वारा बेलगाम वाहनो को दौडाना बताकर अपना आक्रोश जाहिर किया। दरअसल इन दिनो शहर मे एक बार फिर नौसिखिये चालको द्वारा फर्राटे से छोटी बडी वाहनो को शहर की सडको मे दौडाया जा रहा है,जिसके कारण स्कूली बच्चो के साथ-साथ कामकाजी महिलाओ को सडक मे चलना बेहद खतरनाक हो गया है। यातायात व्यवस्था पर सही नियंत्रण ना होने के कारण नौसिखिये चालक छोटी बडी वाहन को व्यस्त सडको मे फर्राटे से दौडा रहे है,जिसके कारण आये दिन शहर के अंदर बाहर छिट्पुट घटनायें घटित होकर अनेक बार असमय ही लोगो को मौत के मुंह मे भी समाना पड रहा है। दिन मंगलवार की देर रात घटित हुयी घटना के बाद एक बार फिर व्यवस्था के प्रति आक्रोश का माहौल देखने को मिला।

ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

जशपुर-रायपुर, 23 नवंबर । शहर के लुड़ेग मार्ग पर स्थित पुरन तालाब के पास एक तेज र तार ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। शहर में तीन दिन के अंदर यह पांचवा सड़क हादसा है।मिली जानकारी के अनुसार, हादसा शहर के लुड़ेग मार्ग पर पुरन तालाब के पास हुआ. वहीं दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है, जिसकी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी है।बताया जा रहा है कि पत्थलगांव शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यहां इंदिरा चौराहा पर लगाएं स्वचालित सिग्नल ल बे समय से ठप्प हो गया है. इस वजह से शहरी क्षेत्र में वाहनों की दुर्घटनाओं में अंकुश नहीं लग पा रहा है।

समाचार संक्षेप

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नए प्लांट की स्थापना के लिए कर्नाटक सरकार के साथ समझौता किया

बेंगलुरु, 23 नवंबर । मेक इन इंडिया और सभी के लिए व्यापक खुशहाली की अपनी प्रतिबद्धता के अनुकूल, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ताकि नए निवेश के माध्यम से देश में कंपनी के मौजूदा परिचालन को बेहतर किया जा सके।भारत में टीकेएम के 25 वर्षों के परिचालन पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर के साथ, लगभग 3,300 करोड़ रुपये का यह निवेश एक नए संयंत्र की स्थापना के लिए है। इससे क्षमता में वृद्धि होगी और इस तरह स्थानीय विनिर्माण की पारिस्थितिकी तंत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ नई प्रौद्योगिकी के उपयोग की शुरुआत होगी और ÷सबके लिए मोबिलिटी तैयार की जायेगी। यह भारत में कंपनी का तीसरा प्लांट होगा, जो कर्नाटक में बैंगलोर के पास बिदादी में स्थित है। यह विकास आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र में अपेक्षित वृद्धि को देखते हुए आगे के निवेश और रोजगार सृजन की संभावना भी लाता है। कर्नाटक सरकार के साथ इस समझौता ज्ञापन पर माननीय मुख्यमंत्री श्री सिद्धारमैया ने आज हस्ताक्षर किए और इस दस्तावेज का आदान-प्रदान किया गया। कंपनी की ओर से इसपर प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री मसाकाजु योशिमुरा ने दस्तखत किये। इस मौके पर श्री एमबी पाटिल, बड़े और मध्यम उद्योग तथा बुनियादी ढांचा विकास मंत्री, कर्नाटक सरकार, श्री स्वप्नेश आर. मारू एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और मुख्य अनुपालन अधिकारी, श्री विक्रम गुलाटी, कार्यकारी वाइस प्रेसिडेंट, श्री सुदीप संतराम दलवी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और मुख्य संचार अधिकारी तथा टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अन्य शिखर के अधिकारी मौजूद थे।यह निवेश टीकेएम की निरंतर दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है, जिससे इसने 25 वर्षों का अपना इतिहास बनाया है और अगले 25 वर्षों की ओर भागीदारी के दौरान ÷मेक इन इंडिया÷ तथा ÷आत्मनिर्भर भारत÷ मिशन की दिशा में कंपनी के मजबूत योगदान को दर्शाता है। यह प्रधान मंत्री के ÷अमृत काल÷ की ओर बढ़ेगा। नए निवेश से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के संवर्धन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे इसके आपूर्तिकर्ता आधार में वृद्धि होगी तथा रोजगार के मौके तैयार होंगे और कर्नाटक राज्य में स्थानीय सामुदायिक विकास को समर्थन मिलेगा।

ध्वनि प्रदूषण पर हाईकोर्ट ने सरकार को दिए निर्देश

बिलासपुर, 23 नवंबर । डीजे से हो रहे ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है. इस जनहित याचिका के साथ हस्तक्षेप याचिका पर हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस अरविंद कुमार चन्देल की डबल बेंच ने शासन को प्रकरण में कार्रवाई की जानकारी देने कहा. कोर्ट ने यह भी निर्देश दिए हैं कि, शहरों में साइलेन्स जोन घोषित कर डीजे प्रतिबंधित करना चाहिए।बता दें कि, डीजे के कानफेड़ू शोर से हो रही दिक्कतों पर चीफ जस्टिस ने 2 माह पूर्व 29 सितंबर को स्वतः संज्ञान लिया है. कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा मामले में पूर्व के आदेशों का उल्लेख करते हुए इनके पालन के संबन्ध में मु य सचिव को रिपोर्ट देने का अंतरिम आदेश पारित किया था.सुनवाई के दौरान युगल पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के मु य सचिव को यह बताने को कहा कि उसवों के अवसर के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे द्वारा उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण के खतरे को खत्म करने के लिए क्या प्रयास किए? कोर्ट ने इस संबंध में एक विस्तृत शपथपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे. इस पर शासन ने नियम बनाकर डीजे प्रतिबन्धित करने की जानकारी दी. चीफ जस्टिस ने माना कि, अफसर ध्वनि प्रदूषण के खतरे को रोकने में कोई भी प्रयास करने में विफल रहे हैं।

चालू वित्तीय वर्ष में कोल कंपनी ने किया 100 मिलियन टन से ज्यादा उत्पादन

कोरबा, 23 नवंबर । चालू वित्तीय वर्ष में कोल इंडिया ने एसईसीएल को 197 मिलियन टन कोयला खनन का लक्ष्य दिया है। इसे हासिल करने के लिए एसईसीएल आगे बढ़ रही है। दिवाली के पांचवें दिन कंपनी ने 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर लिया है। इसकी जानकारी एसईसीएल की ओर से दी गई है। लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कंपनी के पास लगभग साढ़े चार माह का समय है। प्रबंधन को उ मीद है कि गेवरा, दीपका और कुसमुंडा प्रोजेक्ट के जरिए लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा।कोयला उद्योग में आउट सोर्सिंग का बोलबाला बढ़ रहा है। उत्पादन में ठेका कंपनियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एसईसीएल की कोरबा एरिया में स्थित मानिकपुर परियोजना ने सबसे अ'छा प्रदर्शन किया है। खदान से लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन अभी तक किया है। कोरबा एरिया के समक्ष 7 मिलयन टन से अधिक कोयला खनन का लक्ष्य था। एरिया में अभी तक 5.29 मिलियन टन कोयला बाहर निकाला है। जबकि अभी तक यहां से ×.99 एमटी कोयला खनन होना था।00 मिलियन टन के उत्पादन को पार करने में कोरबा कोल फील्ड का योगदान अधिक है। यहां स्थित गेवरा, दीपका और कुसमुंडा के अलावा कोरबा एरिया की खदानों से 77.16 मिलियन टन कोयला खनन किया गया है। मेगा प्रोजेक्ट ने इसी तरह उत्पादन में कंपनी का साथ दिया तो कंपनी के लिए लक्ष्य हासिल करने में सुविधा होगी।खनन में बढ़ोत्तरी से कंपनी को उद्योगों को कोयला देने में परेशानी नहीं होगी। एसईसीएल अपने कुल कोयला खनन का लगभग 70 फीसदी बिजली घरों को देता है। कोल इंडिया की सहयोगी एसईसीएल ने उत्पादन के क्षेत्र में नया रिकार्ड बनाया है। कंपनी ने सबसे कम समय में 100 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन किया है।

सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग में सोनिया शर्मा ने जीता कांस्य

कोरबा, 23 नवंबर । सी.बी.एस.ई स्कूली खेलो के अंतर्गत 17 से 19 नवंबर तक सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन एस डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ हरियाणा में आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में देश भर के सी बी एस सी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कोरबा के सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी में अ यासरत तथा निर्मला स्कुल कोरबा में अध्ययनरत सोनिया शर्मा एवं अनु शर्मा ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सोनिया ने हरियाणा की बॉक्सर को पछाड़ते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर किया कब्जा. इनका चयन पूर्व इंटरनेशनल स्कूल दुर्गापुर द्वारा 10 अक्टूबर से 1× अक्टूबर 202× तक दुर्गापुर पश्चिम बंगाल में संपन्न जोनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के आधार पर हुआ था।सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी के प्रमुख प्रशिक्षक तारकेश मिश्रा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों ने पहले भी किकबाक्सिंग एवं विभिन्न मार्शल आर्ट की रा'य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जीता है। इसी तारत य में उनकी तैयारी सी बी एस ई गे स के लिए भी कराई जा रही थी। अनु शर्मा ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अनु शर्मा एवं सोनिया शर्मा ट्रास्पोर्टर श्री सतीश शर्मा की सुपुत्री हैं । सभी खिलाड़ियों को उनके विद्यालय की प्राचार्या शानी मेरी एवं विद्यालय परिवार का भरपूर सहयोग मिला, जिसके कारण वे इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सी एम ए - छत्तीसगढ़ मार्शल आर्ट एवं किकबाक्सिंग एकेडमी के संस्थापक तारकेश मिश्रा, विद्यालय की प्राचार्या शानी मेरी, कोरबा जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, तुलसी बरेठ, विकास नामदेव, कपिल पटेल, विवेकानंद पटेल, रमनदीप कौर, प्रवीण बंजारे,आदित्या पाल एवं सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी के समस्त प्रशिक्षगण, निर्मला स्कूल शाला परिवार, खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

एक नजर

नगर का एक प्रशासनिक कार्यालय बना भ्रष्टाचार का प्रमुख अड्डा

सिमगा 23 नवंबर। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर का एक प्रशासनिक कार्यालय पिछले कुछ वर्षो से भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है यहां प्रतिदिन लाखों रुपए का लेनदेन होता है । इस कार्यालय में पदस्थ नौकरशाह कुछ वर्षों में ही अनुपातहीन संपत्ति के मालिक बन गए हैं । चर्चा है कि कार्यालय में दलालों का बोलबाला है यहां प्रत्येक कार्य का रेट फिक्स है । भूमि डायवर्सन से लेकर अपराधिक प्रकरण के जमानत के लिए लाखों रूपये के लेनदेन की चर्चा जोरों पर है । चर्चा है कि अभी हाल में ही बहुचर्चित जुऐं के प्रकरण में जमानत के लिए प्रत्येक जुआरी से 30 हजार रुपये के हिसाब से लाखों रुपये की अवैध वसूली की बाते कही सुनी जा रही है । क्या जिला प्रशासन उक्त बाबत् कोई जांच कार्यवाही तय करेंगे । जिससे कि भ्रष्टाचार में अंकुश लग सके ।

गौतम चैरड़िया ने जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

बालोद, 23 नवंबर। माननीय श्री न्यायमूर्ति गौतम चैरड़िया, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग एवं पूर्व न्यायाधिपति छ.ग.उच्च न्यायालय ने 21 नवम्बर 2023 को जिला मुख्यालय बालोद के प्रवास पर थे। उन्होंने जिला मुख्यालय बालोद में प्रस्तावित जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के निर्माणाधीन भवन का स्थल निरीक्षण कर उक्त निर्माणाधीन भवन की स्थापना मे प्रगति लाने हेतु दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को देते हुए दिसम्बर माह मे उक्त भवन का शुभारंभ करने की बात कही। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियो, जिला अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष व सदस्यगण तथा अन्य अधिवक्तागण के साथ बैठक ली।

एमसीएमसी टीम प्रिंट, रेडियो, सोशल और टीवी की कर रही निगरानी

सारंगढ़ बिलाईगढ़, 23 नवंबर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी की आदेश में गठित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण इकाईयों के द्वारा आदर्श आचरण संहिता प्रारंभ होने से अब तक लगातार मीडिया के सभी माध्यम - रेडियो, समाचार पत्र, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीवी चैनलों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद पंचायत सारंगढ़ में इन टीमों का संचालन किया जा रहा है। इन टीमों के द्वारा मतदान के बाद निर्वाचन से जुड़े भ्रामक या झूठी खबर के साथ-साथ एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसार करने वाले पर निगरानी की जा रही है।

निर्वाचन कर्मियों के इमरजेंसी इलाज के लिए रायपुर में की गई एयर एंबुलेंस की तैनाती

सारंगढ़ बिलाईगढ़ ,22 नवंबर । विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के दौरान कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा द्वितीय चरण के निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों के आकस्मिक आपातकालीन स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रायपुर में एयर एंबुलेंस की तैनाती की गई है। इस एंबुलेंस के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए अपर कलेक्टर बी.सी. साहू, मो.नं. 9425204172 और एएसपी पीताम्बर पटेल मो.नं. 9340032009, 9479191005 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इलाज के लिए नोडल अधिकारी बी सी साहू और पीतांबर पटेल से संपर्क कर सकते हैं ।

मोतियाबिंद मुक्त बस्तर के लिए पुनः सर्वे प्रारंभ

जगदलपुर, 23 नवम्बर। हर जरूरतमंद व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले यह शासन- प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य रहा है इसी के तहत बस्तर जिले में नेत्र से संबंधित बीमारी मोतियाबिंद से जिले को निजात दिलाने के लिए 23 नवंबर से पुनः सघन सर्वे अभियान किया जा रहा है। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बस्तर जिले को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बनाने हेतु विशेष प्रयास करने के साथ साथ नेत्र के लिए विशेष अस्पताल अंबक की सुविधाएं मरीजों को जरूरत के अनुसार मिलने हेतु निर्देशित किया है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी की निष्क्रियता के चलते नगर में गदंगी का साम्राज्य

जगह-जगह नाली का गंदा पानी बह रहा सड़को पर, नागरिक परेशान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा 23 नवंबर। नगर पंचायत क्षेत्र सिमगा के प्रायः सभी वार्डो में जगह जगह कूढ़े करकट एवं गंदगी का साम्राज्य है नगर की नालियां गंदगी से बजबजा रही है साफ सफाई के अभाव में नालियों का गंदा पानी सड़कों में बह रहा है । चारो और फैली गदंगी से मच्छर का प्रकोप फैल रहा है । नगर के वार्ड 15 में नगर पंचायत अध्यक्ष रहते हैं उनके घर के समीप की नाली का गंदा बदबू दार पानी सड़क बहता है वहीं पास भैरवनंद विघामंदिर स्कूल संचालित होता है । जंहा छोटे छोटे बच्चे उस गंदे पानी में चलकर स्कूल पहुंचते है।

नगर पंचायत द्वारा नालियों में फिनाइल एवं ब्लीचिंग पाउडर का कभी भी छिड़काव करते नहीं देखा गया है । वहीं प्रतिमाह सफाई सामग्री खरीदी के नाम पर फर्जी बिल पास कराने की चर्चा हो रही है । सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है । यह भी जानकारी मिली है कि सफाई कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने के बावजूद भी लेनदेन कर फर्जी बीलिंग किया जा रहा है । खरीदी गई सफाई सामग्री का भौतिक सत्यापन आवश्यक है जिसका भौतिक सत्यापन नहीं किया जाता उक्त कार्य में संबंधित आडिटर की भी मिलीभगत की चर्चा है । नगर पंचायत सिमगा में स्वच्छ भारत का नारा खोखला साबित हो रहा है । चारो ओर फैले गंदगी व बदबू से नागरिक परेशान है । इस बाबत् नागरिकों ने जिलाधीश से हस्तक्षेप की मांग किया है।

आयुक्त ने किया मोहारा मेला स्थल का निरीक्षण

आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 23 नवम्बर। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा मेला का आयोजन 26,27 व 28 नवम्बर को किया जा रहा है। मोहारा मेला स्थल का निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निरीक्षण कर बिजली पानी सफाई संबंधी आवश्यक सेवा मुहैया कराने तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये।आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि मेला स्थल में समुचित साफ सफाई हो, इसके अलावा नदी की ओर बेरिकेटिंग करे, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो, मेला स्थल में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो, स्थल में लगे पोल के अलावा आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर लाईट लगावे, जिससे सम्पूर्ण मेला स्थल प्रकाशित हो तथा पेय जल के लिये पाईप लाईन विस्तार कर स्टेन पोस्ट लगावे। मेला परिसर में दुकाने रोड के दोनों ओर लगाया जावे, इस आधार पर ले-आउट करे। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था तीनों दिन सुचारू रूप से सम्पादित हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि मेले के दौरान तीनों दिन जल सयंत्रगृह में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये। कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के प्रवेश न करे, पेयजल जैसे अति आवश्यक सेवा में लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये, संबधित अधिकारी व कर्मचारी अपने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करेंगे, मेला स्थल में कोई कमी न हो तथा किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसका भी ध्यान रखा जाये। निरीक्षण के दौरान प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव, प्र. सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम,उप अभियंता सुश्री पिंकी खाती व श्री तिलकराज ध्रुव सहित श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष श्री डी.सी. जैन उपस्थित थे।

समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का स्वर्ण व रजत पदक देकर किया सम्मान

रायपुर 23 नवंबर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा दीपावली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा 10वी, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले 6 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल (स्वर्ण) एवं 72 छात्र-छात्राओं सिल्वर मेडल (चांदी) एवं विशिष्ट पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पं. अरुण पाठक ने बताया कि राम और रावण में रावण राम जी से अधिक विद्यवान, अधिक धनवान व अधिक बलशाली थे लेकिन इसके बावजूद भी वह रामचन्द्र जी से परास्त हो गया। क्योंकि राम जी संस्कारवान थे। इसलिए सभी माता-पिता को अपने बच्चों में सर्वप्रथम संस्कार की शिक्षा दिया जाना चाहिए।

कलेक्टर ने ली मतगणना की तैयारियों के परिपेक्ष्य में बैठक

रायपुर 23 नवम्बर। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज मतगणना की तैयारियों के परिपेक्ष्य में कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने कहा कि 03 दिसंबर को सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना होनी है। इस दिन सुबह सात बजे आब्जर्वर, रिटर्निंग ऑफिसर और अभ्यर्थी या राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रॉग रूम खोले जायेंगे। इसकी सूचना राजनैतिक दलों को पूर्व में अनिवार्य रूप से दे दी जाए। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी जायेगी। स्ट्रांग रूम से ही ईव्हीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट मतगणना कक्ष तक पहुंचेंगी और आठ बजे से मतों की गणना शुरू होगी। मतगणना स्थल में मोबाईल ले जाना पूर्णतः वर्जित है। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन के समय अभ्यर्थियों को जारी किये गये पहचान पत्र और प्रारूप 8 में निर्वाचन अभिकर्ता को जारी पहचान पत्र मतगणना कक्ष में उनके प्रवेश के लिए मान्य होंगे। बिना पहचान पत्र के प्रवेश नही मिलेगा। अभ्यर्थी और निर्वाचन अभिकर्ता के अलावा मतगणना एजेंटों को टेबलवार अलग से मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा पृथक पास जारी किये गये हैं। मतगणना एजेंट इन पासों से ही मतगणना कक्ष में प्रवेश पा सकेंगे। बैठक में बताया गया कि डाकमत पत्रों की गणना पहले प्रारंभ होगी। लगभग आधे घंटे पश्चात रिटर्निंग अधिकारी की घोषणा उपरांत ईवीएम के वोटो की गिनती प्रारंभ होगी जबकि डाक मतपत्रों की गणना जारी रहेगी। मतगणना में प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल ईवीएम के लिए और 2 टेबल पोस्टल बैलेट के लिए लगाएं जाएंगे।

सुबह सात बजे स्ट्रॉग रूम खोले जाएंगे, प्रक्रिया की होगी वीडियोग्राफी : डॉ भुरे

कलेक्टर ने ली मतगणना के तैयारियों के परिपेक्ष्य में बैठक

बालोद, 23 नवंबर । कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज मतगणना की तैयारियों के परिपेक्ष्य में कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने कहा कि 03 दिसंबर को सेजबहार इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना होनी है। इस दिन सुबह सात बजे आब्जर्वर, रिटर्निंग ऑफिसर और अभ्यर्थी या राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रॉग रूम खोले जायेंगे। इसकी सूचना राजनैतिक दलों को पूर्व में अनिवार्य रूप से दे दी जाए। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी जायेगी। स्ट्रांग रूम से ही ईव्हीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट मतगणना कक्ष तक पहुंचेंगी और आठ बजे से मतों की गणना शुरू होगी।

मतगणना स्थल में मोबाईल ले जाना पूर्णतः वर्जित है। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन के समय अभ्यर्थियों को जारी किये गये पहचान पत्र और प्रारूप 8 में निर्वाचन अभिकर्ता को जारी पहचान पत्र मतगणना कक्ष में उनके प्रवेश के लिए मान्य होंगे। बिना पहचान पत्र के प्रवेश नही मिलेगा। अभ्यर्थी और निर्वाचन अभिकर्ता के अलावा मतगणना एजेंटों को टेबलवार अलग से मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा पृथक पास जारी किये गये हैं। मतगणना एजेंट इन पासों से ही मतगणना कक्ष में प्रवेश पा सकेंगे।

बैठक में बताया गया कि डाकमत पत्रों की गणना पहले प्रारंभ होगी। लगभग आधे घंटे पश्चात रिटर्निंग अधिकारी की घोषणा उपरांत ईवीएम के वोटो की गिनती प्रारंभ होगी जबकि डाक मतपत्रों की गणना जारी रहेगी। मतगणना में प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल ईवीएम के लिए और 2 टेबल पोस्टल बैलेट के लिए लगाएं जाएंगे। प्रत्येक टेबल में एक सुपर वाईजर जो राजपत्रित अधिकारी रैंक का होगा साथ ही गणना सहायक भी होंगे। मतगणना दल की नियुक्ति तीन बार रैण्डमाईजेशन के बाद किया जाएगा। पहली रैण्डमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में तथा दूसरा व तीसरा रेंडमाईजेशन ऑब्जर्वर की मौजूदगी में किया जाएगा। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर तथा रिटर्निंग ऑफिसर, अधिकारीगण उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

मतगणना की तैयारी प्रारंभ, ड्यूटी के लिए अधिकारी कर्मचारियों का पहला रेंडामाइजेशन

बलौदाबाजार,23 नवंबर। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र कसडोल, बलौदाबाजार एवं भाटापारा के मतगणना की तैयारी तेज हो गई है। इस सिलसिले में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के एनाईसी कक्ष में मतगणना ड्यूटी हेतु अधिकारी कर्मचारियों की प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। जिसके तहत आज मतगणना सुपरवाइजर,मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर के लिए चयनित किया गया है। इस दौरान जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी,डीआईओ सत्यनारायण प्रधान,सभी विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भीं उपस्थित रहे।

अवैध निर्माण के तीन नोटिस के 20 माह बाद निर्माण पूर्ण

रायपुर 23 नवंबर। नगर निगम की कार्यप्रणाली हमेशा संदेहों में रहती है और नगर निगम के अधिकारी नियमानुसार कार्रवाई करने में हमेशा पीछे रहते हैं । मामला नगर निगम जोन क्रमांक 10 का है, जहां 30 जुलाई 2021 को की गई लिखित शिकायत पर आज तक कोई कार्यवाही नगर निगम जोन क्रमांक 10 के जोन कमिश्नर छ्य कोसरिया द्वारा नहीं की गई। समय-समय पर लगातार व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायतों पर कार्रवाई करने निवेदन किया जाता रहा, जोन कमिश्नर डीके कोसरिया को फोन के माध्यम से भी संपर्क करने की कोशिश की जाती रही परंतु उन्होंने कभी फोन नहीं उठाया और ना ही व्हाट्सएप के माध्यम से की गई शिकायत पर संज्ञान लिया और ना ही रिटर्न जवाब दिया । जोन 10 के टाउन एंड प्लानिंग अधिकारी अमित सरकार से लगातार संपर्क करने और शिकायत पर कार्यवाही करने के निवेदन पर अवैध निर्माण कर्ता कविराज सुंदरानी को नगर निगम द्वारा 16.7.21 - 7.9.21 एवं अंतिम नोटिस 18 फरवरी 2022 को दिया जा चुका है । 18 फरवरी 2022 के बाद अभी नवंबर 2023 तक अर्थात 20 महीनो बाद भी नगर निगम द्वारा उक्त अवैध निर्माण को तोड़ने में पीछे हटने के पीछे कोई ना कोई तो लेनदेन का कारण होगा ! या यह माना जाए कि नगर निगम के अधिकारी किसी भी शिकायत और अपने द्वारा दी गई नोटिस की कार्यवाही को भी महत्व नहीं देते। पूरे शहर में अवैध निर्माण की बाढ़ आई हुई है और नगर निगम के संबंधित वार्डों के अधिकारी, सब इंजीनियर अपनी आंखें बंद कर अवैध निर्माणों को बढ़ावा दे रहे हैं। इन अधिकारियों के कारण नगर निगम के राजस्व का नुकसान हो रहा है, यही कारण है कि नगर निगम द्वारा समय-समय पर टैक्स में बढ़ोतरी कर अपने नियमित खर्चों को पूरा किया जाता है और यह एक प्रकार से आम नागरिक पर बिना वजह का बोझ है।

महापौर तो राजनीतिक दल से आते हैं और आश्वासन देकर अगली बार अपने पद से हट जाते हैं7 महापौर और सत्ता पार्टी के पार्षद अपनी पार्टी के नियमों का पालन करते हुए अपने वोट बैंक तक सीमित रहते हैं, उन्हें नियमों का पालन करने और करवाने से कोई लेना-देना नहीं होता, परंतु निगम कमिश्नर एवं अन्य अधिकारी शासन के अधीन होते हैं सत्ता परिवर्तन होता रहे परंतु वह अपने पदों पर आसीन रहते हैं फिर वह भी अगर वे अपनी जिम्मेदारियां का पालन नहीं करेंगे तो जनता जाए तो जाए कहां ? नगर निगम के महापौर, अधिकारी, पार्षद अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन नहीं करते हैं तो नगरीय प्रशासन मंत्री को चाहिए कि वह स्वयं संज्ञान लेकर साल में कम से कम चार बार समीक्षा बैठक करें ताकि अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियां की रिपोर्ट देने से पहले 10 बार सोचना पड़े। नगरी प्रशासन मंत्री एवं अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी जिनमें जिला कलेक्टर भी आते हैं उन्हें भी पुरानी फाइलों की समीक्षा करनी चाहिए ताकि धूल खाती फाइलों का अंबार कम हो सके और नागरिकों को न्याय मिल सके। यह प्रकरण एक उदाहरण मात्र है, ऐसे हजारों - लाखों प्रकरण रायपुर नगर निगम सीमा के अंतर्गत पेंडिंग पड़े हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है । अब देखने वाली बात यह है कि प्रदेश में अगली बनने वाली सरकार के मंत्री एवं संबंधित विभागों के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन किस प्रकार करते हैं ?

इलेक्ट्रीशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

महासमुंद 23 नवंबर। बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवकों के लिए 21 नवंबर से 30 दिवसीय इलेक्ट्रीशियन (घरेलू विद्युत सेवा उपकरण) का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है । जिसमें प्रवेश की अंतिम तिथि 24 नवंबर 2023 तक है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा (आरसेटी) श्री टुटु बेहरा ने बताया कि प्रतिभागियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बी.पी.एल. राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज की 5 फोटो, दस्तावेज साथ लाना होगा। प्रतिभागी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

जिला स्तर पर मतगणना दलों का प्रशिक्षण आयोजित

जिले में मतगणना के लिए अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

बालोद, 23 नवंबर। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य हेतु अधिकारी एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक ने उक्त संबंध में आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन समन्वय बनाकर करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार मतगणना दल का गठन एवं नियुक्ति-मतगणना कार्य हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी की मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक एवं माईक्रोआब्जर्वर की नियुक्ति किया जाने हेतु। मतगणना दलों का रेण्डमाईजेशन- भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार मतगणना दलों का रेण्डमाईजेशन किया जाने तथा मानदेय वितरण-मतगणना कार्यों में लगे अधिकारी, कर्मचारियों की मानदेय वितरण हेतु बैंक एकाउन्ट नंबर एवं आई.एफएस.सी. कोड को उपलब्ध कराने हेतु जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव को प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री संजय मरकाम को सहायक अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

इसी प्रकार मतगणना स्थल एवं मतगणना स्थल के बाहर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री शशांक पाण्डेय एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राची ठाकुर को दायित्व सौंपा गया है। जिला स्तर पर मतगणना दलों का प्रशिक्षण आयोजित करने मतगणना दलों का प्रशिक्षण तिथि एवं स्थान निर्धारित कर प्रभारी अधिकारी मतगणना दल गठन को अवगत कराने एवं ड्यूटी आदेश जारी करने। प्रशिक्षण पूर्व प्रशिक्षण सामग्री प्राप्त करने, मतगणना दलों की उपस्थिति लेने एवं अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारी की जानकारी प्रभारी अधिकारी मतगणना दल गठन को दिये जाने। प्रशिक्षण केन्द्र में जलपान की व्यवस्था उपलब्ध कराने, मतगणना से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए पृथक-पृथक प्रशिक्षण के लिए चरणबद्ध प्रशिक्षण, मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति लिए जाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी श्री मुकुंद के.पी. साव एवं श्री लेखराम साहू ए.पी.सी. समग्र शिक्षा बालोद को दायित्व सौंपा गया है। प्रेक्षक महोदय एवं रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के लिए टेलीफोन, सोफा, टी.वी., कम्प्यूटर सेट, स्कैनर, स्वल्पाहार, चाय, पानी, भोजन व्यवस्था, शमियाना, टेंट, मतगणना स्थल एवं मीडिया सेंटर, मोबाईल जमा सेंटर, चिकित्सा स्टाल, एवं मतगणना हाल एवं बाहर की बेरिकेटिंग आदि की व्यवस्था हेतु लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एम. प्रसाद एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री ए.के. नाथ को दायित्व सौंपा गया है।

मतगणना स्थल में चैबीस घंटे अबाधित विद्युत व्यवस्था, जनरेटर व्यवस्था, साउंड सिस्टम, सभी मतगणना, मीडिया स्थल पर विद्युत व्यवस्था सुचारू संचालन हेतु कर्मचारियों की ड्युटी लगाने एवं मतगणना स्थल में सी.सी.टी.वी. कैमरा द्वारा निगरानी व्यवस्था हेतु छत्तीसगढ़ राज्य वितरण कंपनी मर्यादित के कार्यपालन अभियंता श्री टी.एल. सहारे एवं अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग श्री लीलेश कुमार एवं उप अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री एस के साहू को दायित्व सौंपा गया है।

मतगणना कार्य हेतु कम्प्यूटर, स्कैनर, प्रिंटर, फोटो कापी मशीन, सेन्ट्रल टेबल आई.टी. सेक्शन में व्यवस्था कराने एवं आयोग के निर्देशानुसार ऑफलाईन एवं ऑन लाईन फार्मेट तैयार कर साफ्टवेयर में एंट्री कराने। फोटोकापी मशीन सुधारक की व्यवस्था करना, फोटोकापी, प्रिंटर एवं काट्रेज की व्यवस्था एवं रिजर्व में भी रखना तथा अन्य कार्य हेतु डी.आई.ओ. (एन.आई.सी.) श्री डी.एल. भारद्वाज, सहायक प्रोगामर श्रीमती सोनम राजपूत, ई.डिस्ट्रिक मैनेजर चिप्स श्री इन्द्रजीत सेन को दायित्व सौंपा गया है। मतगणना स्थल, मीडिया सेंटर में दूरसंचार एवं इंटरनेट की व्यवस्था

NOTICE U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932

It is hereby notified that M/S. S.N. RICE MILL, NEORA Registration No. **1965** dated **1986-87** undergone the following changes.

1. Shri Lalit Kumar Agrawal has retired from partnership with effect from 01.11.2023
2. Shri Jitendra Kumar Agrawal has retired from partnership with effect from 01.11.2023

For, S.N. Rice Mill, Neora
Neeraj Agrawal
PARTNER

NOTICE U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932

It is hereby notified that M/S. S.N. RICE MILL, NEORA Registration No. **1965** dated **1986-87** undergone the following changes.

1. Pushpa Agrawal has joined in partnership with effect from 01.11.2023

For, S.N. Rice Mill, Neora
Neeraj Agrawal
PARTNER

आज घर-घर सजेगा गन्ने का मंडप

होगा तुलसी-शालिग्राम का विवाह

रायपुर, 23 नवंबर। देवउठनी एकादशी याने आज छोटी दीपावली पर राजधानी के बाजारों में खासी रौनक देखने को मिली। बाजार में गन्नों की पूछ-परख होती रही और गन्ना 50 रूपए से लेकर 120 रूपए जोड़ी तक बिका। इसके अलावा पूजन सामग्रियों की भी आज जमकर बिक्री हुई। आज शाम घर-घर में गन्ने का मंडप सजेगा और शालिग्राम के साथ माता तुलसी का विवाह रचाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी मतलब आज देवउठनी का पर्व मनाया जा रहा है.।आज के दिन तुलसी माता का विवाह किया जाता है। इसके लिए गन्ने से घरों में मंडप बनाया जाता है. राजधानी में इस बार गन्ना 50 रुपए से लेकर 120 रुपए जोड़ी तक मिल रहा है। यह एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित रहता है. पूरे विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है. बताया जाता है कि एकादशी व्रत से विष्णु की विशेष कृपा और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है. आज के दिन भगवान विष्णु चार महीने का शयन काल पूरा करने के बाद जागते हैं। आज से ही अब शुभ मुहूंत की शुरूआत होगी और मांगलिक कार्यो की शुरूआत हो जाएगी।

3 दिसंबर को ईवीएम से खुलेगा 90 सीटों के प्रत्याशियों का भाग्य

■ पहला नतीजा रायपुर उत्तर का आएगा

रायपुर 23 नवंबर। तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना में सबसे पहला नतीजा रायपुर उत्तर का आने के संकेत हैं। जहां गणना चक्र अधिक होने के बावजूद मतदान कम होने के कारण नतीजा पहले आ सकते हैं।

डीआरओ, कलेक्टर डॉ .भूरे ने बुधवार को जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर मतगणना की प्रक्रियागत तैयारियों को अंतिम रूप दिया। रायपुर जिले की सभी सात विस क्षेत्रों की गणना सेजबहार के इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी। जो सुबह आठ बजे से शुरू होगी।

कलेक्टर ने सभी सीटों की गणना और नतीजों की घोषणा का सारा काम शाम 4 बजे तक पूरा करने का टाइम टारगेट तय किया है। सात में से रायपुर ग्रामीण की गणना सर्वाधिक 22 राउंड में होगी। और सबसे कम रायपुर उत्तर में 15, अभनपुर 17, धरसींवा-आरंग 18-18 और रायपुर-पश्चिम में 19-19 राउंड की गणना के बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे। 17 नवंबर को हुए मतदान के मुताबिक रायपुर उत्तर में 55.59त्न सबसे कम मतदान हुआ है।

हवा की दिशा में बदलाव आते ही पड़ेगी कड़ाके की ठंड

रायपुर, 23 नवंबर। छत्तीसगढ़ में जल्द ही हवा की दिशा बदलने लगेगा। उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं से जहां पारा गिरेगा तो वहीं जोरदार ठंड की शुरूआत होगी।

प्रदेश में उत्तर की ओर से आने वाली हवाओं की वजह से नमी कम होगी। हालांकि इसके असर से अधिकतम तापमान पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। तापमान में गिरावट आने से ग्रामीण समेत कई इलाकों में ठिठुरन बढ़ जाएगी। वहीं छत्तीसगढ़ के जिले अंबिकापुर में तापमान सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तो वहीं रायपुर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। कई शहरों में न्यूनतम तापमान में कमी आने वाली है, जिससे ठिठुरन और बढ़ जाएगी। अब आने वाले तीन दिनों में उत्तर से आने वाली हवा से ठंड बढ़ जाएगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बीते साल की तुलना में इस साल ज्यादा सर्दी पड़ने वाली है। इस साल दिसंबर के पहले सप्ताह में ज्यादा ठंड पड़ने वाली है।

असीम दास किसके दबाव में पत्र लिख रहा है : भाजपा

रायपुर 23 नवंबर। महादेव एप मामले में गिरफ्तार आरोपी असीम दास के वायरल चिट्ठी को लेकर भाजपा नेता केदार गुप्ता ने चिट्ठी की जांच की मांग की है. उन्होंने कहा कि चिट्ठी में असीम दास के हस्ताक्षर हैं कि नही? असीम दास जेल में है, चिट्ठी में असीम दास की हैंड राइटिंग हैं कि नहीं ? किसके दबाव में वो पत्र लिख रहा है? ये जांच का विषय है. केदार गुप्ता ने कहा कि श्वष्ठ ने पूछताछ की उसके बाद बयान जारी किया है. इसी आधार पर न्यायलय ने भी उन्हें जेल में भेजा है. चिट्ठी की जांच होनी चाहिए. बता दें कि महादेव एप मामले में गिरफ्तार आरोपी असीम दास का प्रवर्तन निदेशालय के संचालक को लिखा एक कथित हस्तलिखित पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. कथित पत्र में उसने शुभम सोनी उर्फ पिंटू और उसके साथियों द्वारा षड्यंत्रपूर्वक फंसाए जाने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वर्मा या कांग्रेस पार्टी के किसी नेता-कार्यकर्ता को पैसे या अन्य किसी तरीके से पैसे या अन्य प्रकार से सहयोग पहुंचाने से इंकार किया है.असीम दास के कथित पत्र के अनुसार, उसने जेल दाखिल होने के बाद अखबार में जब खुद से संबंधित खबर पढ़ी तो वह हैरान हो गया. दास के अनुसार शुभम् सोनी के वह दुबई में मिला था और सोनी ने उसे छत्तीसगढ़ में कंस्ट्रक्शन कारोबार में मदद का वादा कर वापस छत्तीसगढ़ भेजा था. पत्र में लिखता है कि अखबारों में जो बात लिखी गई है कि उसके पास से जप्त की गई नगद राशि को वह छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को देने आया था, वह पूर्णतः असत्य है. उसे बहुत बड़े षड्यंत्र में फंसाया जा रहा है.

असीम दास के कथित पत्र ने अनुसार, वह शुभम् सोनी के साथ वह बचपन में क्रिकेट खेलता था. 8 अक्टूबर 23 को वह उससे मिलने दुबई गया. दुबई में सोनी के सहयोगियों ने उसे दुबई घुमाया पर सोनी से मुलाक़ात नहीं हुई और वह भारत वापस आ गया. इसके बाद 25 अक्टूबर 23 को वह फिर से दुबई गया, अबकी बार उसकी शुभम सोनी से मुलाकात हुई. सोनी ने उसे छत्तीसगढ़ में कंस्ट्रक्शन कारोबार में मदद का वादा कर वापस भेजा और समय आने पर यूरोप शिफ्ट करने का आश्वासन दिया. शुभम् सोनी इस दौरान दुबई छोड़कर ऐम्सटर्डम या लंदन में शिफ्ट होने की बात कर रहा था. पत्र के अनुसार, सोनी के लोगों ने असीम दास को एप्पल कंपनी का फ़ोन दिया. उसे बताया गया कि रायपुर एयरपोर्ट पर एक काली इनोवा गाड़ी उसे मिलेगी, जिसे लेकर उसे ट्राइटन होटल जाना है. होटल जाने के बाद रात 2 बजे उसे मेन रोड आने बोला गया. रोड में एक आदमी ने उसे कार्बन कंपनी का मोबाइल दिया. थोड़ी देर में उसकी गाड़ी में किसी ने नोट से भरे बैग रखे. गाड़ी पार्किंग करने के बाद वह रूम चला गया, जहां अचानक उसे ईडी के अधिकारियों ने गिरफ़्तार कर लिया और अंग्रेज़ी बयान पर उससे साइन कराया गया.

चिट्ठी में असीम दास ने अपनी गिरफ़्तारी को षड्यंत्र बताते हुए कहा कि उसे फंसाया जा रहा है और उसने पूरे प्रकरण की जाँच की माँग की है। असीम दास ने खुद के द्वारा इस्तेमाल किए गए सिम की, काले रंग की बाइक में बिना हेलमेट और मास्क के आए व्यक्ति की सीसीटीवी के माध्यम से शिनाख्त के साथ होटल ट्राइटन के सीसीटीवी समेत अनेक बिन्दुओं पर जांच की मांग की गई है।

कटनी रूट की 32 ट्रेनें 24 से 4 दिसंबर तक रद्द

रायपुर, 23 नवंबर । बिलासपुर और शहडोल रूट पर 24 नवंबर से 4 दिसंबर 32 ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे चंदिया रोड स्टेशन में प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य कराने वाला है, इसके चलते इस रूट की 32 यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं अधिकांश ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेलवे ने खेद जताया है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि रेलवे बुदनी, मिडघाट, चोका एवं बरखेड़ा रेलवे स्टेशनों को तीसरी लाइन से जोड़ने का कार्य कराएगा। इससे सबसे अधिक दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस के यात्री परेशान होंगे। क्योंकि इस ट्रेन को केवल इटारसी तक ही चलाने का निर्णय लिया गया है।रेलवे के अनुसार 26 नवम्बर से 08 दिसम्बर तक दुर्ग से चलने वाली 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस इटारसी तक ही चलेगी और 27 नवम्बर से 09 दिसम्बर तक भोपाल के स्थान पर यह गाड़ी इटारसी से ही 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस बनकर दुर्ग आएगी। इस वजह से सैकड़ों यात्री इटारसी से जैसे-तैसे भोपाल तक सफर करने के लिए मजबूर होंगे।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां : 05 से 09 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस परिवर्तन मार्ग न्यू कटनी कटनी मुरवाड़ा भोपाल होकर रवाना होगी।

-06 से 09 दिसम्बर तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस परिवर्तन मार्ग भोपाल-कटनी मुरवाड़ा- न्यू कटनी होकर आएगी।

झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू के समय-सारणी में आंशिक परिवर्तन : रेल यात्रियों की सुविधाओं का हवाला देते हुए 1 दिसंबर से 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल की समय सारणी में अंशिक परिवर्तन किया गया है । यह ट्रेन सुबह 7.10 बजे रायपुर आएगी और 7.20 बजे रवाना होगी।

नो रूम, नौतनवा में वेटिंग 100 पार : ट्रेनों में लगातार आवाजाही से यात्रियों को मजबूर होकर वेटिंग में सफर करना पड़ रहा है। हालात ऐसी है कि छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 25 नवंबर को नो रूम हो गई है। बैतूल तरफ से इस ट्रेन का टिकट बनना दो दिन पहले से बंद हो चुका है। वहीं दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस बुधवार को 100 से पार वेटिंग के साथ रवाना हुई।

दो मासूमों की तालाब में डूबने से मौत

रायपुर, 23 नवंबर । कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर में दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। दोनों बच्चे तालाब में नहाने गए थे। बच्चों की मृत्यु की सूचना मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया था। बच्चों की तालाब में डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस गोताखोरों कीटीम के साथ मौके पर पहुंची थी। एक बच्चे का शव बुधवार को मिल गया है। वहीं एक बच्चे के शव को आज तालाब से निकाला गया। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। गहरे तालाब में डूबे दूसरे बच्चे के शव को टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला. बता दें कि दोपहर दोनों बच्चे घर में बिना बताए तालाब नहाने गए थे. तालाब गहरा होने की वजह से दोनों बच्चे तालाब में डूब गए थे. गोताखोरों ने घंटों रेस्क्यू करने के बाद बुधवार को एक बच्चे मनीष प्रसाद के शव को बाहर निकाला था. अंधेरा होने की वजह से दूसरे बच्चे को नहीं निकाल पाए थे।

एक नजर

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर, 23 नवम्बर। अशोक नगर गुढ़ियारी में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष गायकवाड़ 29 वर्ष अशोक नगर गुढ़ियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केटी 6661 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

फैक्ट्री प्रबंधक सहित दो के खिलाफजुर्म दर्ज

रायपुर, 23 नवम्बर । फैक्ट्री में काम करने के दौरान घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिसमें धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक एवं शिफ्ट इंचार्ज के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कुमार पोर्ते 53 वर्ष इतवारी बाजार बीरगांव का रहने वाला था। वह सिलतरा के सोंडरा स्थित मारूति फेरस प्राइवेट लिमिटेड में काम करता था। काम करने के दौरान मशीन में दबने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिससे उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक अरूण कुमार एवं शिफ्ट इंचार्ज राजू सिंह के खिलाफ धारा 287, 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

रायपुर, 23 नवम्बर । नेवरा पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 25 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कृषि उपज मंडी के पास एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी बलराम वर्मा 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 25 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चाकू लेकर आतंक फैलाते युवक पकड़ाया

रायपुर, 23 नवम्बर। खमतराई पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस को बीती रात सूचना मिली कि भनपुरी तिराहा के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी वेदप्रकाश वैष्णव 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

ऑटो में गांजा बेचते अधेड़ गिरफ्तार

रायपुर, 23 नवम्बर। उरला पुलिस ने ऑटो में रखकर गांजा बेचते एक अधेड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 किलो गांजा व बिक्री रकम 5 हजार रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि सरोरा स्थित मिश्रा ढाबा के पास एक ऑटो में व्यक्ति गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने ऑटो रिक्सा क्रमांक सीजी 04 टी 4309 में सवार आरोपी नान्हू तांडी 50 वर्ष को हिरासत में लेकर ऑटो की तलाशी लिए तो प्लास्टिक झोला में 3 किलो गांजा व बिक्री रकम 5 हजार रुपए मिला। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अज्ञात व्यक्ति ने आग लगाकर फैलाया आतंक, जुर्म दर्ज

रायपुर, 23 नवम्बर। वार्ड नंबर 20 तिल्दा बस्ती में अज्ञात व्यक्ति ने आतंक मचाते हुए दो लोगों के बाइक को आग के हवाले कर दिया। साथ ही एक किराना दुकान में भी आग लगा दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सतीश धृतलहरे 31 वर्ष वार्ड नंबर 20 तिल्दा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 28 ई 4701 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसे आग के हवाले कर दिया। जिससे बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। वहीं मोहल्ले में ही रहने वाला गणेश सत्या के घर के कमरा में रखे बाइक क्रमांक सीजी 04 एचवी 7468 को अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया। इसी तरह मोहल्ले में ही रहने वाले विजेन्द्र सिंह राजपूत के किराना दुकान में रखे सामान को अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया।

सीटेट की तिथि में बदलाव, अब जनवरी माह में होगी परीक्षा

रायपुर, 23 नवंबर । केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से होने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। दिसंबर में होने वाली परीक्षा अब जनवरी माह में आयोजित की जाएगी। बताया जा रहा है कि यह परीक्षा 21 जनवरी को होगी। पेन और पेपर मोड पर होने वाला ये एग्जाम इस बार केवल 135 शहरों में ही होगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23